दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 92 जयपुर, सोमवार, 11 मार्च, 2024 | फाल्गुन, शुक्ल पक्ष- प्रतिपदा, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### मुख्यमंत्री, मंत्री और अफसर आज जाएंगे अयोध्या



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा अपने मंत्रिमंडल के सदस्यों, भाजपा के सांसद और विधायक के साथ सोमवार को अयोध्या में रामलला के दर्शनों के लिए जाएंगे। प्रदेश के मुख्य सचिव सुधांश पंत, पुलिस महानिदेशक यूआर.साहू और मुख्यमंत्री कार्यालय में तैनात अतिरिक्त मुख्य सचिव शिखर अग्रवाल सहित एक दर्जन आईएएस और आईपीएस अधिकारी भी रामलला के दर्शन करने के लिए अयोध्या जाएंगे। राज्य सरकार ने कुल 133 नेताओं व अधिकारियों के अयोध्या जाने के लिए दो चार्टर विमान बुक करवाए हैं। सभी नेता और अधिकारी सोमवार सुबह सात बजे जयपुर हवाई अड्डे से रवाना होंगे। रामलला के दर्शन करने के बाद शाम को वापस जयपुर पहुंचेंगे।

### कूनो में 'गामिनी' ने पांच शावकों को दिया जन्म



**श्योपुर।** मध्यप्रदेश के कूनो नेशनल पार्क से फिर खुशखबरी सामने आई है। दक्षिण अफ्रीका से लाई गई मादा चीता गामिनी ने पांच शावकों को जन्म दिया है। भारत में जन्मे चीतों की संख्या 13 हो गई है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने अपने 'एक्स' हैंडल पर वीडियो शेयर किया है। इसमें बताया गया कि भारत में दूसरे लॉट में लाए गए चीतों में शामिल पांच वर्षीय गामिनी ने रविवार को पांच शावकों को जन्म दिया।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

भारत का समुद्रयान मिशन अगले साल होगा लॉन्च... पनडुब्बी मत्स्य 6000 की मदद से समुद्र में 6 किमी अंदर तक जाएगा इंसान

# आकाश के बाद अब भारत की पाताल भेदने की तैयारी...

बेधड़क | जयपुर

चांद पर मिशन को सफलतापूर्वक लैंड कराने के बाद अब भारत गहरे समुद्र के अध्ययन करने की योजना बना रहा है। पृथ्वी विज्ञान मंत्री किरन रिजिजू ने कहा है कि भारत को साल 2025 के अंत तक अपने समुद्रयान में सतह के नीचे 6 किलोमीटर गहरे समुद्र का अध्ययन करने के लिए अपने वैज्ञानिकों को भेजने में सक्षम होना चाहिए। एक इंटरव्यू में किरन रिजिजू ने कहा कि पनडुब्बी मत्स्य 6000 की मदद से इंसान समुद्र के नीचे 6,000 मीटर की गहराई तक जा सकता है। इस



साल के अंत तक इसका टेस्ट भी कर लिया जाएगा।

किरन रिजिजू ने आगे कहा कि जब आप समुद्रयान की बात करते हैं, तब आप समुद्र के अंदर 6 किलोमीटर की गहराई तक जाने के हमारे मिशन के बारे में बात कर रहे हैं, जहां प्रकाश भी नहीं पहुंच सकता है। मैं कह सकता हूं कि जहां तक हमारे मत्स्य (Matsya6000) का सवाल है, यह मशीन मनुष्यों को अंदर ले जाएगी। मंत्री ने कहा कि उन्होंने परियोजना की समीक्षा की है और वैज्ञानिकों को इस साल के अंत तक पहला उथले पानी का परीक्षण करने में सक्षम होना चाहिए।




### 2021 में शुरू किया गया था मिशन

समुद्रयान मिशन को 2021 में शुरू किया गया था। इसमें 3 सदस्यों वाले एक दल को मत्स्य 6000 पनडुब्बी का उपयोग करके हिंद महासागर में समुद्र तल के 6,000 मीटर की गहराई तक भेजा जाएगा। रिजिजू ने कहा कि मोटे तौर पर मुझे विश्वास है कि 2025 के अंत तक, इसका मतलब है कि अगले साल, हमें अपने मानव चालक दल को 6,000 मीटर से अधिक गहरे समुद्र में भेजने में सक्षम होना चाहिए। मिशन में मत्स्य 6000 का उपयोग करके मध्य हिंद महासागर में समुद्र तल तक 6,000 मीटर की गहराई तक पहुंचने के लिए एक चालक दल का अभियान शुरू करना है, जिसे तीन सदस्यों के चालक दल को समायोजित करने के लिए डिजाइन किया गया है।

### अमेरिका, रूस और चीन की कैटेगरी में आ जाएगा भारत

पनडुब्बी वैज्ञानिक, सेंसर और उपकरणों के एक समूह से लैस होगी और इसमें 12 घंटे की परिचालन क्षमता होगी, जिसे आपातकालीन स्थिति में 96 घंटे तक बढ़ाया जा सकता है। अब तक अमेरिका, रूस, चीन, फ्रांस और जापान जैसे देशों ने गहरे समुद्र में सफल चालक दल मिशनों को अंजाम दिया है। भारत ऐसों मिशनों के लिए विशेषज्ञता और क्षमता का प्रदर्शन करके इन देशों के रैंक में शामिल होने के लिए तैयार है।

लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को बड़ा झटका...

प्रदेश के वरिष्ठ नेताओं समेत 45 BJP में शामिल

# दिग्गजों ने 'हाथ' छोड़ थामा 'कमल' का दामन



बेधड़क | जयपुर

लोकसभा चुनाव से ठीक पहले प्रदेश की राजनीति में एक बड़ा तूफान आया है। पहली बार ऐसा हुआ है जब इतनी बड़ी संख्या में एक राष्ट्रीय पार्टी से जुड़े कई दिग्गज नेता दूसरी राष्ट्रीय पार्टी में शामिल हो गए। कांग्रेस के कई दिग्गज नेताओं सहित राजनीति से जुड़े 45 नेता रविवार को भाजपा में शामिल हो गए हैं। इनमें कुछ नेता तो कांग्रेस में रहते हुए कैबिनेट मंत्री तक रह चुके हैं तो कुछ कांग्रेस के टिकट पर लोकसभा का चुनाव भी लड़ चुके हैं। इन नेताओं में पूर्व विधायक और पूर्व केंद्रीय मंत्री भी शामिल हैं। इसी के साथ एक नेता पूर्व राज्यपाल के बेटे हैं और एक नेता हनुमान बेनीवाल की पार्टी आरएलपी के बैनर तले चुनाव लड़कर दूसरे नंबर रह चुके हैं। कई नाम ऐसे हैं जो विभिन्न सामाजिक संगठनों ने जुड़े हैं और चर्चित चेहरे हैं। कभी मनमोहन कैबिनेट और फिर अशोक गहलोत कैबिनेट का हिस्सा रहे जाट नेता लालचंद कटारिया ने भी पाला पलट लिया। इसके साथ ही पूर्व मंत्री राजेंद्र यादव, पूर्व कांग्रेस विधायक रिछपाल मिर्धा, विजयपाल मिर्धा, खिलाड़ीलाल बैरवा, पूर्व निर्दलीय विधायक आलोक बेनीवाल, सुरेश चौधरी, रामपाल शर्मा और रिजु झुनझुनवाला सहित प्रदेश के कई कांग्रेस नेता रविवार को जयपुर में बीजेपी में शामिल हो गए हैं। बीजेपी के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में जयपुर में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

### प्रदेश की जाट राजनीति में आएगा नया मोड़

नागौर के परंपरागत कांग्रेसी और दिग्गज जाट परिवार से मिर्धा पिता-पुत्र के भाजपा ज्वाइन करने के बाद जहां पश्चिमी राजस्थान की सियासत में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा, वहीं जयपुर में लालचंद कटारिया का आना भी कांग्रेस के लिए किसी झटके से कम नहीं होगा। इसके अलावा बेनीवाल परिवार से आलोक बेनीवाल का आना और शेखावाटी से सेवादल के मुख्य संगठक रहे सुरेश चौधरी का बीजेपी में शामिल होना भी जाहिर करता है कि भाजपा ने जाट राजनीति को लेकर अपना नजरिया बदला है। हालांकि चूरू सांसद राहुल कस्वां ने अपना टिकट कटने के बाद कांग्रेस से संपर्क किया है। ऐसे में शेखावाटी में जाट राजनीति को लेकर बदलाव भी देखा जा सकता है। मेवाड़ की राजनीति में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी के खास सिपहसलार रहे रामपाल शर्मा के बीजेपी में जाने से भीलवाड़ा में कांग्रेस के आधार को कम करेगा। गौरतलब है कि रामपाल कांग्रेस के टिकट पर भीलवाड़ा से लोकसभा चुनाव लड़ चुके हैं।

### डर के मारे मुश्किल वक्त में पार्टी छोड़ रहे नेता: गहलोत



कांग्रेस के दिग्गज नेताओं के भाजपा में शामिल होने पर पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने कहा कि जिन नेताओं को कांग्रेस ने पहचान दी। वे केंद्रीय एजेंसियों के डर से भाजपा में जा रहे हैं। पूर्व सीएम ने एक्स पर पोस्ट करते हुए अपनी प्रतिक्रिया में लिखा कि 'जो नेता कांग्रेस छोड़कर जा रहे हैं उन्हें कांग्रेस ने पहचान दी, केंद्रीय मंत्री, राज्य में मंत्री बनाया, पार्टी में बड़े पदों पर बिठाया, परंतु पार्टी के मुश्किल वक्त में वो पार्टी छोड़कर भाग रहे हैं। कई लोग कह रहे हैं कि उनके ऊपर केंद्रीय एजेंसियों का दबाव है इसलिए भाजपा में जा रहे हैं। ये वक्त किसी दबाव के आगे झुकने का नहीं है बल्कि लोकतंत्र को बचाने और देश के भविष्य के लिए संघर्ष करने का है।' गहलोत ने अपनी पोस्ट में आगे लिखा कि 'हमें गांधी परिवार से प्रेरणा लेनी चाहिए जिनमें राहुल गांधी और पूरे परिवार को कई-कई दिनों तक ED ने पूछताछ के बहाने परेशान किया। उनकी संसद सदस्यता रद्द कर दी थी और घर तक खाली करवा दिया था, लेकिन वो हर दबाव का मुकाबला मजबूती से कर रहे हैं। देशभर में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के माध्यम से अन्याय, महंगाई, नफरत और बेरोजगारी के खिलाफ यात्रा कर जनजागरण का काम कर रहे हैं। राजनीति में मुकाबला इस तरह डटकर किया जाता है।

# पेट्रोल-पंप संचालकों की जयपुर में हड़ताल खत्म

बेधड़क | जयपुर

पेट्रोल-डीजल पर वैट की दरों में कमी किए जाने की मांग को लेकर प्रदेश के पेट्रोल पंप रविवार को बंद रहे। राजस्थान पेट्रोलियम डीलर एसोसिएशन के आह्वान पर रविवार सुबह 6 बजे से 'नो परचेज, नो सेल' स्ट्राइक रही।


रविवार को सरकार से वार्ता के बाद हड़ताल खत्म हो गई। राजस्थान पेट्रोलियम डीलर एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष राजेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि जयपुर में बोर्ड की परीक्षाओं की वजह से 12 मार्च को पंप संचालकों की हड़ताल स्थगित रहेगी, जबकि प्रदेश भर में हड़ताल जारी रहेगी। इसके साथ ही जयपुर में सचिवालय घेराव के लिए रैली भी निकली जाएगी। राजस्थान पेट्रोल डीलर्स एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष संदीप बगेरिया ने कहा कि वैट बढ़ाए जाने से पेट्रोल पंप संचालकों को लगातार घाटा हो रहा है। हम लंबे समय से सरकार से वैट कम करने की मांग कर रहे हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है।



### हड़ताल का दिखा मिला-जुला असर

प्रदेश में पेट्रोल पंप हड़ताल का मिला-जुला असर देखा गया। जयपुर, जोधपुर, सीकर, श्रीगंगानगर, पाली, उदयपुर, बीकानेर, भरतपुर, जालोर, झुंझुनूं, राजसमंद, सिरोही, चूरू में पेट्रोल पंप बंद रहे। वहीं जैसलमेर, अलवर, कोटा, बाड़मेर, अजमेर, टोंक, धौलपुर सहित कई जिलों में हड़ताल का असर नहीं दिखा।

## मौसम ने ली अंगड़ाई...



कहीं धूप तो कहीं बदली छाई...

*__जयपुर।__ प्रदेश में इस बार मौसम की अठखेलियां अभी तक जारी है। दिन में तेज धूप और रात में सर्द हवाओं ने फिर से सर्दी का अहसास करा दिया। पश्चिमी विक्षोभ के कमजोर प्रभाव के कारण सोमवार को बाड़मेर, जैसलमेर, श्रीगंगानगर, बीकानेर, अनुपगढ़, हनुमानगढ़, चूरू, सीकर, झुंझुनूं, अलवर, भरतपुर, जयपुर, दौसा, करौली और धौलपुर जिले में बादल छाए रहेंगे। 13 और 14 मार्च को दूसरा पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव होने की संभावना है। इस कारण पश्चिमी और उत्तरी राजस्थान के कुछ भागों में बारिश होने की संभावना है। इसका प्रभाव जोधपुर और बीकानेर संभाग के सीमावर्ती क्षेत्रों में 13 मार्च को बादल छाए रहने और छुटपुट स्थानों पर मेघ गर्जना के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है। शेष राजस्थान में मौसम शुष्क बने रहने की संभावना है।*

**फोटो: राजेश कुमावत**

बिजली संकट से मिलेगा छुटकारा

# ऊर्जा क्षेत्र में राजस्थान रचेगा नए कीर्तिमान, 1.60 लाख करोड़ के MOU

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में ऊर्जा सेक्टर को आत्मनिर्भर बनाने के लिए रविवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने थर्मल और अक्षय ऊर्जा के उत्पादन के नए प्रोजेक्ट्स के लिए राज्य सरकार विद्युत निगमों और केंद्रीय उपक्रमों के बीच 5 एमओयू और 1 पावर परचेज एग्रीमेंट (PPA) पर हस्ताक्षर किए। इस एमओयू के माध्यम से राज्य में ऊर्जा क्षेत्र के विकास के लिए 1.60 लाख करोड़ रुपए के निवेश होंगे। इस अवसर पर केंद्रीय विद्युत मंत्री आर के सिंह ने कहा कि राजस्थान में अब बिजली संकट नहीं होगा। देश में कोयले अच्छी मात्रा में उपलब्धत है। इसलिए राजस्थान में कोयले का संकट नहीं होने देंगे। राजस्थान जब पूरे देश में रिन्यूबल एनर्जी के सेक्टर में अग्रणी होगा। इससे पूरे देश में राजस्थान बिजली बेच सकेगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश की डबल इंजन सरकार द्वारा ऊर्जा क्षेत्र में किए जा रहे दूरदर्शी निर्णयों से राजस्थान शीघ्र ही विद्युत उत्पादन में सरप्लस श्रेणी में आ जाएगा और प्रदेश की ऊर्जा संबधी सभी आवश्यकताएं पूरी होंगी। उन्होंने कहा कि आज जिन समझौतों पर हस्ताक्षर हुए है उनको धरातल पर उतारने और समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के लिए राज्य सरकार पूरी शक्ति एवं सामर्थ्य के साथ कार्य करेगी ताकि आपणो अग्रणी राजस्थान की संकल्पना साकार हो।



### आत्मनिर्भर बनेगा राजस्थान

सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने 3 माह के अल्प कार्यकाल में ही प्रदेश को विभिन्न क्षेत्रों में आत्मनिर्भर बनाने के लिए ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। प्रदेश के जल संकट को दूर करने के लिए गत दिनों हुए कई ऐतिहासिक समझौतों के बाद अब ऊर्जा के क्षेत्र में भी राज्य को अग्रणी एवं आत्मनिर्भर बनाने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार का गठन होते ही गत दिनों केंद्रीय ऊर्जा मंत्री तथा केंद्रीय कोयला मंत्री से सार्थक चर्चा कर कोयले की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। राज्य सरकार के प्रयासों तथा केंद्र सरकार के सहयोगात्मक रूख के कारण वर्तमान में राज्य को 23 कोल रेक प्रतिदिन मिल रहा है। साथ ही, आज राज्य के विद्युत गृहों की थर्मल पॉवर इकाइयों से औसत विद्युत उत्पादन में 1000 मेगावॉट की वृद्धि हो चुकी है।

### डबल इंजन सरकार समर्पित होकर कर रही कार्य

उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार राजस्थान को ऊर्जा क्षेत्र में सक्षम एवं समृद्ध बनाने के लिए पूर्ण समर्पण के साथ कार्य कर रही है। आज रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कॉर्पोरेशन (आरईसी) लिमिटेड एवं राज्य सरकार के मध्य एमओयू हुआ है। इसके अंतर्गत आरईसी लिमिटेड राज्य सरकार के विभिन्न विभागों, उपक्रमों, संस्थाओं और योजनाओं के लिए 20 हजार करोड़ रुपए का ऋण उपलब्ध करवाएगा। इससे प्रदेश के बिजली, पानी, सिंचाई, मेट्रो, परिवहन एवं कृषि से सम्बंधित परियोजनाओं में तेजी से वृद्धि होगी और राज्य आर्थिक दृष्टि से संपन्न प्रदेश बनने की ओर अग्रसर होगा।

**परियोजनाओं का होगा समयबद्ध क्रियान्वयन:** ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि सरकार प्रदेश की बढ़ती मांग के अनुरूप विद्युत उत्पादन में वृद्धि के लिए परियोजनाएं क्रियान्वित करेगी। केंद्रीय उपक्रमों को ऊर्जा विभाग की ओर से पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाएगा। इन परियोजनाओं से प्रदेश की ऊर्जा आवश्यकता पूर्ण होने के साथ ही निवेश और रोजगार सृजन के अवसरों में वृद्धि होगी।

## जरूरी खबर

### ऊर्जा मंत्री नागर ने SMS में बच्चों की कुशलक्षेम पूछी



**बेधड़क.जयपुर।** ऊर्जा राज्यमंत्री हीरालाल नागर रविवार शाम को एसएमएस अस्पताल पहुंचे और यहां भर्ती कोटा के बच्चों की कुशलक्षेम पूछी। कोटा के सकतपुरा में महाशिवरात्रि पर जुलूस में बिजली के तारों से झुलसे 5 बच्चों को एसएमएस अस्पताल रेफर किया गया था। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस हादसे में काल कवलित हुए बच्चे के परिजन को 5 लाख व गंभीर घायल बच्चों को एक- एक लाख तथा झुलसे बच्चों को 50 हजार रुपए की सीएम सहायता कोष से देने के निर्देश दिए हैं।

### सरकार ने तीन IAS अफसरों के किए तबादले

**बेधड़क.जयपुर।** सरकार ने रविवार को फिर IAS अफसरों की तबादला सूची जारी की। कार्मिक विभाग की ओर से जारी इस तबादला सूची के अनुसार प्रदेश में तीन IAS अफसरों को बदला गया है। आदेशों के अनुसार घनेन्द्र भान चतुर्वेदी को निदेशक, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग एवं पदेन विशिष्ट शासन सचिव एवं पंचायती राज (सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता) विभाग, राजस्थान, जयपुर में स्थानांतरित किया है। इसी तरह जगजीत सिंह मोंगा का संयुक्त शासन सचिव, चिकित्सा शिक्षा विभाग, राजस्थान, जयपुर में तबादला किया गया है। जबकि IAS अभिषेक खन्ना को मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद्-कम- अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक अजमेर में लगाया गया है।

### विधायक बैरवा ने पेश की मानवता की मिसाल



**बेधड़क. चाकसू।** चाकसू विधायक रामावतार बैरवा ने मानवता का परिचय देते हुए रास्ते में दुर्घटना ग्रस्त दंपती को अपने वाहन से अस्पताल पहुंचाया। दरअसल चाकसू से जयपुर जाते समय विधायक को शीतलामाता गांव के पास झारणयों में दो बाइक में हुई टक्कर में घायल दंपती व उनके बच्चों को तड़पते देखा। इस पर विधायक ने गाड़ी रोकी और उनकी मदद की। विधायक ने तत्काल अपनी गाड़ी से दंपती और बच्चों को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनको समय पर उपचार मिल सका। इसके बाद हर कोई विधायक रामावतार बैरवा की तारीफ करता नजर आ रहा है।

---

भारत आदिवासी पार्टी ने बांसवाड़ा लोकसभा सीट पर चौरासी विधायक को बनाया प्रत्याशी

# बांसवाड़ा-डूंगरपुर से मालवीया को चुनौती देंगे राजकुमार रोत

बेधड़क | जयपुर

भारत आदिवासी पार्टी (बीएपी) ने लोकसभा चुनाव में बांसवाड़ा-डूंगरपुर लोकसभा सीट से चौरासी विधायक राजकुमार रोत को मैदान में उतारा है। बीएपी राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहनलाल रोत ने इसकी घोषणा की।

भाजपा ने इस सीट पर महेंद्रजीत सिंह मालवीया को प्रत्याशी बनाया है। ऐसे में दोनों पार्टियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिलेगा। हालांकि कांग्रेस ने इस सीट पर अभी किसी प्रत्याशी की घोषणा नहीं की है। भारत आदिवासी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहनलाल रोत ने वीडियो जारी कर बताया कि 6 मार्च को पार्टी की सामाजिक इकाई और राजनीतिक विंग की बैठक हुई थी। जिसमें बांसवाड़ा-डूंगरपुर लोकसभा सीट पर सभी 8 विधानसभा क्षेत्र से 1-1 प्रत्याशी का नाम सामने आया था। इसके अलावा एक कॉलम अन्य प्रत्याशी के तौर पर रखा गया था। पार्टी के 271 पदाधिकारियों ने प्रत्याशी चयन को लेकर वोटिंग की। जिसमें सबसे ज्यादा 177 पदाधिकारियों ने अन्य के रूप में राजकुमार रोत का नाम लिखा। इस पर चौरासी विधानसभा सीट पर मौजूदा विधायक राजकुमार रोत को प्रत्याशी घोषित कर दिया है।

### कौन हैं राजकुमार रोत

विधायक राजकुमार रोत चौरासी से लगातार दो बार से विधायक है। वहीं पिछले विधानसभा चुनाव में राजकुमार रोत पूरे प्रदेश में सर्वाधिक मतों से जीतने वाले दूसरे उम्मीदवार थे। विधायक रोत की आदिवासी युवाओं पर अच्छी पकड़ है। वागड़ की राजनीति में राजकुमार रोत को डूंगरपुर-बांसवाड़ा का सबसे युवा नेता माने जाते हैं। बीएपी का इस विधानसभा चुनाव में वोट शेयर के साथ दूसरे स्थान पर है। विशेषकर डूंगरपुर जिले में बीएपी का प्रतिशत अच्छा है। आसपुर और चौरासी विधानसभा में दो विधायक जीत के साथ आत्मविश्वास भी बढ़ा है। इसके कारण बीएपी को अब लोकसभा में जीत की उम्मीद जाता है। हालांकि बांसवाड़ा में बीएपी का कोई उम्मीदवार नहीं है। इसके कारण वहां की स्थिति जरुर चिंताजनक है। लेकिन राजकुमार रोत की तेज तर्रार भाषा शैली से इस बार चुनाव में भाजपा से सीधा मुकाबला देखने को मिलेंगा।



### इन नामों की थी चर्चा

राजकुमार रोत के अलावा इस सीट के लिए डूंगरपुर से नमोनारायण वरहात, चौरासी से पोपट खोखरियां, सागवाड़ा से बबिता कच्छप, गढ़ी से राकेश डिंडोर, कुशलगढ़ से हीरालाल दामा, घाटोल से बालू भील, बांसवाड़ा और बागीदौरा से दावेदार थे, लेकिन वोटिंग में राजकुमार रोत का नाम आने के बाद उनके नाम की घोषणा की। राजकुमार रोत इस बार विधानसभा चुनावों में चौरासी विधानसभा सीट पर दूसरी बार जीते हैं। उन्हे 1 लाख से ज्यादा वोट मिले थे और 60 हजार के बड़े अंतर से जीत हासिल की थी।

### कांग्रेस और BAP में नहीं बनी बात

लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस और भारत आदिवासी पार्टी (BAP) के बीच गंठबंधन की अटकलें लगाई जा रही थीं। कांग्रेस नेता महेंद्रजीत सिंह मालवीया के भाजपा में जाने के बाद कांग्रेस इस सीट पर मालवीया का तोड़ ढूंढ रही थी। इस बीच कांग्रेस और BAP के बीच गठबंधन की चर्चा तेज हो गई थी। सूत्रों के अनुसार कांग्रेस के कई क्षेत्रीय नेता इस गठबंधन को लेकर खुश नहीं थे। वहीं कांग्रेस के सामने BAP ने कई शर्तें भी रखी थीं। जिसके बाद कांग्रेस और BAP में सहमति नहीं बन पाई।

---

कांग्रेसी के कई बड़े नेताओं ने थामा भाजपा का दामन

# अपनी विचारधारा के कारण भाजपा बनी इतनी बड़ी पार्टी

- भाजपा की विचारधारा, अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति का भी रखा जाता है ध्यान
- सीएम बोले- संकल्प पत्र में किए गए हर वादे को पूरा करेगी सरकार

बेधड़क | जयपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों से प्रभावित होकर उनके नेतृत्व में राष्ट्रनिर्माण के लिए कंधे से कंधा मिलाकर काम करने का संकल्प लेते हुए रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय पर विभिन्न राजनीतिक दलों से आए सांसद, पूर्व मंत्री, विधायक, प्रधान, जिला परिषद सदस्य और पंचायत समिति सदस्यों सहित 1,370 नेताओं ने भाजपा का दामन थामा।

वरिष्ठ नेता लालचंद कटारिया, राजेंद्रसिंह यादव, रिछपाल मिर्धा, रामपाल वर्मा समेत 25 नेता कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए हैं। कांग्रेस छोड़कर आए इन नवागंतुकों के स्वागत समारोह के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल ने कहा कि यह भाजपा की विचारधारा की वजह से 10-12 लोगों से शुरू हुई पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन गई है। उन्होंने कहा कि पार्टी की विचारधारा ही है, जिसमें आखिरी छोर पर खड़े हुए व्यक्ति का ध्यान रखा जाता है। 2014 से पहले अखबार में सिर्फ घोटाले और लोगों पर अत्याचारों की खबरें होती थीं। आमजन सोचने पर मजबूर था कि आने वाले दिनों में देश का क्या होगा परंतु 2014 के बाद में स्थिति बदली और आज देश का डंका पूरे विश्व में बज रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो कहते हैं, वह करके दिखाते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर आप भारतीय जनता पार्टी का संकल्प पत्र उठाएंगे और तो आपको पता लगेगा कि जो प्रधानमंत्री ने कहा था, उसमें से 25 परसेंट काम ज्यादा ही हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने किए हुए कामों का हिसाब जनता को देते हैं। मैं राजस्थान की जनता को विश्वास दिलाता हूं कि मैं हर 6 महीने में अपने काम का हिसाब दूंगा और संकल्प पत्र में किए हुए हर वादे को पूरा करूंगा। मुख्यमंत्री भजनलाल ने कहा कि आज कांग्रेस ईआरसीपी पर सवाल खड़े कर रही है लेकिन कांग्रेस ने किया क्या था? कांग्रेस ने न तो कभी आमजन की पीड़ा समझी और ना कभी आमजन के लिए काम किया।



### पीएम के पास विकास का विजन

पूर्व सांसद खिलाड़ी लाल बैरवा ने संबोधित करते हुए कहा कि पीएम मोदी के पास विकास का विजन है। मोदी देश को आगे बढ़ने का सपना देखते हुए उन्हे पूरा करने का काम कर रहे हैं। इसलिए हमने तय किया है कि हमें भाजपा की सदस्यता ग्रहण करनी है, क्योंकि पिछली कांग्रेस सरकार के समय हमने लगातार डेढ़ साल तक सीएम गहलोत को कहा कि अनुसूचित जाति बोर्ड को संवैधानिक दर्जा दिलाने का काम करें लेकिन नहीं हुआ। भाजपा ने एक दलित परिवार से आए अर्जुनराम मेघवाल को देश का कानून मंत्री बनाने का काम किया। प्रेमचंद बैरवा को डिप्टी सीएम बनाने का काम किया। हम विश्वास दिलाते हैं कि पीएम मोदी के नेतृत्व में सभी 25 सीटों पर कमल खिलाएंगे।

### प्रदेश की सभी 25 लोकसभा सीटों पर कमल खिलाकर पहनाएंगे विजयमाला

इस अवसर पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की रीति एवं नीति तथा नवयुग प्रवर्तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के विकास कार्यों से प्रभावित होकर आज प्रदेश के अनेक राजनेता, सेवानिवृत प्रशासनिक अधिकारी एवं सामाजिक सरोकार से जुड़े सभी लोगों का भाजपा परिवार में स्वागत करता हूं। मुझे पूर्ण विश्वास है कि हम सभी प्रदेश की सभी 25 लोकसभा सीटों पर कमल खिलाकर, इनकी विजय माला प्रधानमंत्री मोदी को पहनाएंगे और अबकी बार 400 पार की संकल्प सिद्धि में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि पिछली सरकारों के समय अंतिम समय में घोषणाओं की याद आती थी। वहीं मौजूदा भजनलाल शर्मा सरकार ने पहले दिन से संकल्प पत्र पर काम करना शुरू कर दिया है।



### मेरी अंतरात्मा मुझे कचोट रही थी: लालचंद कटारिया

पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता लालचंद कटारिया ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण करते हुए कहा कि पिछले कई दिनों से मेरी अंतरात्मा मुझे कचोट रही थी। मैं वहां मन ही मन देख रहा था कि किस प्रकार देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को विकास की ओर ले जा रहे हैं और उसमें हमारा कोई योगदान नहीं है। पूर्व मंत्री लालचंद कटारिया ने कहा कि प्रदेश की सबसे बड़ी समस्या पानी की थी, जिस पर कांग्रेस की सरकार ने कुछ नहीं किया लेकिन किसान के बेटे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री बनते ही उसे पूरा किया। उन्होंने कहा कि मैं भाजपा में नेता बनकर नहीं कार्यकर्ता बनकर आया हूं और जो भी काम मुझे कहा जाएगा, मैं उसे पूरी शिद्दत से पूरा करूंगा।



### कांग्रेस में सिर्फ दम घुटा है: मिर्धा

भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम रहे जाट नेता रिछपाल मिर्धा ने सदस्यता ग्रहण करते हुए कहा कि पिछले 30 सालों से कांग्रेस की सेवा कर रहा हूं पर कांग्रेस ने मुझे और मेरे समुदाय को क्या दिया? मिर्धा ने कहा कि वे अटलबिहारी वाजपेयी ही थे, जिन्होंने 1999 में जाट समुदाय को आरक्षण दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसान के बेटे को देश का उपराष्ट्रपति बनाया। मैं एक आम कार्यकर्ता की तरह भाजपा ज्वाइन करने आया हूं। मैं यहां पार्टी नेतृत्व के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करूंगा और लोकसभा चुनावों में राजस्थान की 25 सीटें जीतने में पूरा सहयोग करूंगा।

---

25 लाख लोगों ने किया बेवसाइट विजिट

# ERCP धन्यवाद क्विज में 3 लाख से ज्यादा प्रतिभागी हुए शामिल

बेधड़क | चाकसू

पानी वाले बाबा भामाशाह रामनिवास मीना और युवा नेता रविन्द्र मीना की ओर से पूर्वी राजस्थान के 13 जिलों के लिए ऑनलाइन जारी की गई ईआरसीपी स्वीकृति धन्यवाद क्विज-2024 प्रतियोगिता के प्रति आमजन मे जबर्दस्त उत्साह देखने को मिला है। इस प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए 4 से 10 मार्च तक महज सात दिन में 25 लाख लोगों ने वेबसाइट विजिट किया है और 3 लाख से अधिक प्रतिभागियों ने ईआरसीपी से संबंधित प्रश्नों का जबाव देने के लिए एग्जाम दिया है।

पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना किसान विकास समिति के प्रदेश मीडिया प्रभारी दीनदयाल सारस्वत ने बताया कि पानी वाले बाबा रामनिवास मीना और युवा आईकॉन रविंद्र मीना ने 4 मार्च को ईआरसीपी स्वीकृति धन्यवाद क्विज- 2024 प्रतियोगिता बेवसाइट ramniwasmeena.com पर लॉन्च की थी। 10 मार्च तक के लिए यह प्रतियोगिता ईआरसीपी में शामिल 13 जिलों के निवासी 18 साल से अधिक आयु के लोगों के लिए थी। इस प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए युवा और महिलाओं के साथ आमजन मे जबर्दस्त उत्साह देखने को मिला है। प्रतिभागियों ने नियमानुसार अपना रजिस्ट्रेशन कर ईआरसीपी से संबंधित 50 सवालों के जबाव लिखे हैं। भामाशाह रामनिवास मीना और रविन्द्र मीना ने बताया कि भाजपा की डबल इंजन सरकार ने अपना वादा पूरा करते हुए पूर्वी राजस्थान के 13 जिलों के लिए ईआरसीपी के रूप में बडी सौगात दी है। क्विज-2024 प्रतियोगिता का परिणाम 15 मार्च को घोषित किया जाएगा।

---

ठाकुर भंवर सिंह की पुण्यतिथि मनाई

# कैंसर सेमिनार व नेत्र रोग जांच शिविर आयोजित



**बेधड़क. चाकसू।** कस्बा स्थित श्रीराजपूत सभा भवन पर ठाकुर स्व. भंवर सिंह (रिटायर्ड थानेदार) की सातवी पुण्य तिथि पर कैंसर सेमिनार व निशुल्क नेत्र चिकित्सा जांच परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ विधायक रामावतार बैरवा, राजपूत सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामसिंह राजावत ने संत बजरंग दास महाराज तामड़िया धाम के सानिध्य में किया। इस दौरान ठाकुर भंवर सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई और उनके राजकीय सेवाकाल के उत्कृष्ट कार्यो पर प्रकाश पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम संयोजक एडवोकेट अर्जुन सिंह राजावत ने बताया कि एचसीजी कैंसर अस्पताल जयपुर के सहयोग से शिविर आयोजित किया गया। इसमें कैंसर रोग विशेज्ञ डॉ. कार्तिक रस्तोगी, रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. राजपाल सिंह शेखावत की टीम ने सेवाएं दी। चिकित्सकों ने बताया कि कैंसर का शुरुआती दौर में इलाज संभव है, जिसको लेकर साल में एक बार कैसर की जांच करना जरूरी है। इस दौरान महिलाओं को स्तन कैंसर अन्य जठिल रोगों के बारे में विस्तार दी गई। इस दौरान एडवोकेट राजेंद्र सिंह तवंर, चाकसू थानाधिकारी कैलाश दान, राजपूत सभा के पदाधिकारी वीरेंद्र सिंह, हेमसिंह राठौड़, भाजपा नेता नंदकिशोर शर्मा, नगर पूर्व भाजपा अध्यक्ष रामधन सैनी, पार्षद दिनेश शर्मा, त्रिवेणी श्याम शर्मा, लालाराम जादम सहित बडी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

---

भरतपुर में फंस सकता है पेच

# रामस्वरूप कोली की राह में रोड़ा बन रही निर्दलीय प्रत्याशी ऋतु बनावत

बेधड़क | जयपुर

लोकसभा चुनाव को लेकर बीजेपी तैयारी में जुटी हुई है। इधर, जयपुर में रविवार को पूर्व मंत्री लालचंद कटारिया समेत कई कांग्रेसी दिग्गज नेताओं ने बीजेपी जॉइन की, लेकिन राजस्थान के भरतपुर से बयाना की निर्दलीय विधायक ऋतु बनावत एक बार फिर भाजपा के लिए सिर दर्द बनती हुई दिखाई दे रही है।

ऋतु बनावत बीजेपी की ओर से घोषित उम्मीदवार रामस्वरूप कोली की राह में अब रोड डालने की तैयारी कर रही हैं। विधानसभा चुनाव में भी बीजेपी की बागी रही ऋतु बनावत चुनाव जीतकर



अपना लोहा मनवा चुकी है। ऋतु बनावत बीजेपी के खिलाफ लगातार बगावती तेवर दिखाते रही। वो पहले भी कई बार ऐसा कर चुकी है। पहली बार बनावत ने साल 2013 में बीजेपी से बगावत कर विधानसभा चुनाव लड़ा था। तब भाजपा के बच्चू सिंह बंशीवाल से हार गई थी। साल 2018 में ऋतु बनावत ने बीजेपी के टिकट पर चुनाव लड़ा।तब भी कांग्रेस के अमर सिंह जाटव से चुनाव हार गई। 2023 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने ऋतु बनावत का टिकट काट दिया, लेकिन इस बार ऋतु निर्दलीय चुनाव जीत गई।

### निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ने का ऐलान

बयाना की निर्दलीय विधायक ऋतु बनावत एक बार फिर भाजपा के लिए टेंशन साबित हो रही है। ऋतु ने एक बार फिर बीजेपी के अगेंस्ट होकर भरतपुर लोकसभा सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ने के लिए ताल ठोक दी है। इसको लेकर ऋतु बनावत ने तैयारी भी शुरू कर दी है। ऐसे में एक बार फिर भाजपा के सामने मुश्किलें खड़ी होती हुई दिखाई दे रही है। इससे पहले भी ऋतु ने विधानसभा चुनाव में भी टिकट नहीं मिलने से खफा होकर बीजेपी के खिलाफ निर्दलीय चुनाव लड़कर जीता था।

### बनावत शुरू करेगी जनसम्पर्क यात्रा

विधायक ऋतु बनावत ने पिछले दिनों समर्थकों की मीटिंग बुलाई। जिसमें ऋतु बनावत ने लोकसभा चुनाव लड़ने पर चर्चा की गई। मीटिंग में बनावत ने समर्थकों से कहा कि सरकार ने एनसीआर ओट टीटीजेड से भरतपुर को मुक्ति नहीं दिलाई है। ऐसे में भरतपुर का ईंट भट्टा, क्रेशर यूनिट, स्टोन क्रेशर उद्योग पर संकट के बादल छाए हुए हैं। ऐसे में मीटिंग में फैसला लिया गया कि उन्हें लोकसभा चुनाव लड़ना चाहिए। जिस पर विधायक ऋतु बनावत ने ऐलान किया कि वो लोकसभा चुनाव लड़ेगी और जल्द ही लोकसभा क्षेत्र में जनसम्पर्क यात्रा शुरू करेंगी।

### बीजेपी के टिकट से नाराज

बीजेपी ने राजस्थान में 15 लोकसभा सीटों पर उम्मीदवार की घोषणा की है। इसमें भरतपुर से इस बार सांसद रंजीता कोली का टिकट काटकर उनके स्थान पर पूर्व सांसद रामस्वरूप कोली को दिया गया। इससे बयाना विधायक ऋतु बनावत नाराज है। उन्होंने बीते दिनों एक मीटिंग बुलाई। इसमें उन्होंने अपने निर्दलीय लोकसभा चुनाव लड़ने का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि भरतपुर कि बीजेपी और कांग्रेस दोनों ने ही दलों ने उपेक्षा की है। इसके कारण भरतपुर पिछड़ा हुआ है।

## ॥ जरूरी खबर ॥

### पुलिस की रेड में 396 बदमाशों को किया गिरफ्तार



**जयपुर।** पुलिस कमिश्नरेट की स्पेशल टीम (सीएसटी) ने आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को देखते हुए चेन स्नेचिंग, मोबाइल स्नेचिंग एवं पर्स स्नेचिंग के प्रकरणों में चालान शुदा 1158 अपराधियों को चिन्हित कर उनके ठिकानों एवं निवास स्थानों पर दबिश दी। इस विशेष अभियान में 396 अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। जयपुर पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि इनमें एनडीपीएस एक्ट में 01,आबकारी अधिनियम में 21, आर्म्स एक्ट में 01,अन्य एक्ट में 07 प्रकरण दर्ज, धारा 151 सीआरपीसी में 289, धारा 110 सीआरपीसी में 06, धारा 107/116 सीआरपीसी में 08, स्थाई-गिरफ्तारी वारंटों में 83 एवं पूर्व के प्रकरणों में 17 को गिरफ्तार किया एवं 13 संदिग्ध वाहन जब्त किए गए।

### जयपुर में शातिर चोर गैंग के चार बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर।** पुलिस ने चोरी-नकबजनी गैंग का पर्दाफाश करते हुए गैंग के सरगना सहित चार बदमाशों को पकड़ा है। बदमाशों ने पुलिस पूछताछ में 24 से अधिक वारदात करना कबूला है। फिलहाल करणी विहार थाना पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। डीसीपी वैस्ट अमित कुमार ने बताया कि करणी विहार थाना पुलिस ने चोरी-नकबजनी गैंग के सरगना बिलाल उर्फ बिल्ला निवासी मोदीनगर जिला गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश) हाल करणी विहार जयपुर, गोविन्द उर्फ डीजे निवासी करणी विहार जयपुर, शिवम सिंह उर्फ विनय निवासी एकाहरी जिला छपरा (बिहार) हाल करणी विहार और लक्ष्मण सपेरा निवासी करणी विहार जयपुर को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने पूछताछ में 24 से अधिक वारदातों को अंजाम देना कबूला है। आरोपी नशा करने के आदि हैं।

**सच बेधड़क**
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

**दोनों के परिवार ने दर्ज करवाया मामला, लोकेश शर्मा बोले-मैंने सिर्फ समझाया था**

# पूर्व CM के OSD पर RAS के साथ मारपीट का आरोप

बेधड़क | जयपुर

घर के सामने कार खड़ी करने के विवाद में पूर्व सीएम अशोक गहलोत के ओएसडी रहे लोकेश शर्मा पर आरएएस अफसर से मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित आरएएस अधिकारी और लोकेश शर्मा के परिवार ओर से मामला दर्ज करवाया गया है। घटना महेश नगर थाने के भगवती नगर की है। एसआई सुरेश कुमार ने बताया कि भगवती नगर निवासी आरएएस भूराराम ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है, जिसमें बताया कि वह उद्योग और वाणिज्य विभाग जयपुर में सहायक आयुक्त है।





### कॉलोनी के लोगों ने बीच-बचाव कर छुड़ाया

पीड़ित का कहना है कि आरोपियों ने धमकाते हुए कहा कि तुझे पता नहीं है, जिस रोड पर खड़ा है वो तेरे बाप की है। मैं कौन हूं, यहीं पे तुझे जिंदा गाड़ दूंगा। तेरी लाश तक नहीं मिलेगी। इसके बाद मारते हुए अपने घर में ले गए। वहां, तीसरे भाई ने भी मारपीट की। राजकीय सेवा में अधिकारी होने की बताकर छोड़ने के लिए कहा तो भी लात-घूंसों से मारपीट करते हुए कहने लगे कह तेरे जैसे अधिकारियों को मैंने जूते मार-मार के इलाज किया है। मैं शासन को हिला सकता हूं, तेरे जैसे का तो मैं नामों निशान मिटा सकता हूं। हंगामा होने पर कॉलोनी के लोगों ने बीच-बचाव कर छुड़ाया।

### बचाव करने आए साथियों से भी मरपीट

शनिवार शाम करीब 7 बजे उनके साथी नवल और रामफूल मीणा उन्हें लेने घर आए थे। रोड किनारे कार खड़ी कर सामान निकालकर घर में रख रहे थे। इस दौरान विकास शर्मा नाम के युवक ने आकर जोर से कार का शीशा बजाया। शीशा नीचे करने पर वह गाली-गलौज कर कार पार्किंग को लेकर झगड़ा करने लगा। गाली देने से मना करने पर गेट खोलकर थप्पड़ जड़ दिया। विरोध करने पर उसके भाई लोकेश शर्मा ने भी हमला कर दिया। गाड़ी से बाहर निकालकर उनको लात-घूंसों से पीटा। बीच-बचाव करने आए दोनों साथियों से भी गाली-गलौज कर मारपीट की गई।

### पूर्व सीएम का ओएसडी होने का बाद में चला पता

पीड़ित आरएएस भूराराम का कहना है कि वह पिछले करीब 6-7 महीने से भगवती नगर में किराए से रह रहे हैं। मारपीट करने वाले पड़ोसी पूर्व सीएम के ओएसडी लोकेश शर्मा हैं, ये उनको बाद में पता चला। मेरे और मेरे साथियों के साथ बिना किसी बात के गाली-गलौज कर मारपीट की गई। महेश नगर थाने में शनिवार देर रात एफआईआर दर्ज करवाई।

### कार पार्किंग को लेकर भाई की कहासुनी हुई थी

लोकेश शर्मा का कहना है कि मेरे भाई विकास शर्मा से मैन गेट के सामने कार पार्किंग को लेकर कहासुनी हुई थी। भाई विकास शर्मा ने भी महेश नगर थाने में एफआईआर दर्ज करवाई है। मैन गेट के सामने एक व्यक्ति अपनी कार खड़ी कर चला गया था। जब वह लौटा तो भाई ने उसे टोका। इसको लेकर उन्होंने गाली-गलौज की और भाई को धमकाया कि तू अभी बच्चा है। तेरे भाई से पूछना कि मैं कौन हूं और तेरी मेरे सामने कोई औकात नहीं है। हम सरकार चलाते हैं और मैं आरएएस हूं। तुझे और तेरे परिवार को आकौत याद दिला दूंगा। हंगामा होते देखकर बाहर जाकर मैंने समझाया। घर के अंदर बैठकर बात करने के लिए कहा था। इससे ज्यादा मेरा इसमें कोई रोल नहीं है।

**हाई स्पीड : राजापार्क चौराहे पर हुआ हादसा**

# युवती को बस ने कुचला लोगों ने किया रोड जाम

## ■ संविदा पर नौकरी, डेयरी बूथ और सरकारी योजना में 5 लाख रुपए देने पर बनी सहमति

बेधड़क | जयपुर

बहन को स्कूल छोड़कर लौटते समय राजपार्क चौराहे पर तेज रफ्तार बस ने स्कूटी सवार छात्रा को रौंद दिया। बस के पिछले टायरों के नीचे आने से छात्रा की मौत हो गई। पुलिस ने एसएमएस हॉस्पिटल में पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। आदर्श नगर थाने में मृतका के चाचा ने एफआईआर दर्ज करवाई।

गुस्साए परिजनों ने रविवार सुबह एक्सीडेंट स्थल पर जाम लगा दिया। करीब 3 घंटे चले धरने के बाद पुलिस अधिकारियों ने समझा कर मामले को शांत कराया। संविदा पर परिवार के एक सदस्य को नौकरी, डेयरी बूथ और सरकारी योजना के तहत 5 लाख रुपए की मांग पर सहमती बनी है।





### रूट पर बस संचालन बंद करने की मांग

एक्सीडेंट के विरोध में परिजनों सहित काफी संख्या में लोग रविवार सुबह राजापार्क चौराहे पर इकट्ठा हुए। सुबह करीब 10 बजे लोगों ने रोड जाम कर दिया। रोड जाम कर लोगों ने प्रदर्शन शुरू कर दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने समझाइस की। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि पहले भी इस रोड एक्सीडेंट में कई लोगों की मौत हो चुकी है। इस रूट पर बस संचालन बंद करने की मांग की।

### ओवर स्पीड थी बस, पिछले टायर से कुचली

एक्सीडेंट थाना (ईस्ट) के हैड कॉन्स्टेबल दिलीप सिंह ने बताया कि हादसे में टीला नंबर-6 जवाहर नगर निवासी कुंती (21) की मौत हो गई। वह अरावली कॉलेज में बीएड की स्टूडेंट थी। शनिवार को छोटी बहन डॉली को बोर्ड एग्जाम देने के लिए एमडी रोड स्थित एक स्कूल में छोड़ने गई थी। एग्जाम सेंटर पर छोटी बहन को छोड़कर सुबह करीब 8:20 बजे स्कूटी से वापस घर लौट रही थी। तीन मूर्ति सर्किल से ट्रांसपोर्ट नगर की ओर जाते समय राजपार्क चौराहे पर ओवर स्पीड लोक परिवहन बस ने स्कूटी को पीछे से टक्कर मार दी। स्कूटी से उछलकर कुंती बस के पिछले टायरों के नीचे आ गई। हादसे के बाद मौके पर बस छोड़कर ड्राइवर भाग निकला।

**जयपुर के मोटर गैराज में लगी भीषण आग**

# वेल्डिंग करते गिरी चिंगारी बनी ज्वाला 2 बस और 1 ट्रक जलकर हुए कबाड़

बेधड़क | जयपुर

राजधानी के एक मोटर गैराज में बस में वैल्डिंग करते समय निकली चिंगारी से रविवार दोपहर भीषण आग लग गई। आग से गैराज में खड़ी दो बस और एक ट्रक जलकर कबाड़ में तब्दील हो गईं। भांकरोटा थाना पुलिस ने 5 दकमलों की मदद से आग पर काबू पाया। तीनों वाहनों में आग लगने से वेल्डिंग कर रहा युवक भी मामूली झुलस गया।

भांकरोटा थाने के एसएचओ राजकुमार मीना ने बताया कि भांकरोटा इलाके में स्थित एमके मोटर्स में खड़े तीन वाहनों में आग लगी थी। दोपहर करीब 1:30 बजे गैराज में खड़ी एक बस की वेल्डिंग का काम किया जा रहा था। बस की वेल्डिंग करते समय निकली चिंगारी से आग लग गई। आग से वर्कर हनुमान यादव (34) निवासी मुहाना मामूली रूप से झुलसने पर दूर भाग गया। राजकुमार मीना ने बताया- देखते ही देखते आग ने भीषण रूप ले लिया।

बस में लगी आग ने पास खड़ी दूसरी बस और एक ट्रक को अपनी चपेट में ले लिया। आग में तीनों वाहन धू-धू कर जलने लगे। गैराज में आग लगने पर आस-पास के लोगों में दहशत फैल गई। भांकरोटा थाना पुलिस आग की सूचना पर मौके पर पहुंची। पुलिस ने 5 दमकलों की मदद से करीब 1 घंटे की मशक्कत कर आग पर काबू पाया। आग लगने से तीनों वाहन जलकर पूरी तरह कबाड़ में तब्दील हो गए।





**AICBROF का राष्ट्रीय अधिवेशन**

## RBIO के जैसे ही हो पेंशन अपडेशन

बेधड़क | जयपुर

ऑल इंडिया सेंट्रल बैंक रिटायर्ड ऑफिसर्स फैडरेशन (एआईसीबीआरओएफ) के सदस्यों का तृतीय त्रि-वार्षिक राष्ट्रीय अधिवेशन आयोजित किया गया। अधिवेशन स्वागत संयोजक डीएस भदौरिया ने बताया कि सभा में राजस्थान, कोलकाता, मुम्बई, चेन्नई, हैदराबाद, गुजरात, बिहार, लखनऊ, आगरा, दिल्ली, कर्नाटक सहित 19 यूनिट से प्रतिनिधियों ने भाग लिया। अधिवेशन का उद्घाटन कार्यरत अधिकारियों के संगठन महासचिव मनोज वडनेरकर ने किया। अधिवेशन में शीर्ष संगठन राष्ट्रीय अध्यक्ष के वी आचार्य ने बैंकिंग क्षेत्र की गतिविधियों के बारे में सदन को बताया तथा पेंशन अपडेशन के मुद्दे पर कहा कि रिजर्व बैंक के अधिकारियों की पेंशन रिजर्व बैंक के अधिकारियों के आधार पर ही अन्य बैंको के अधिकारियों की पेंशन अपडेशन होनी चाहिए, जो कि पेंशन नियमों के अनुसार है। मुख्य वक्ता सेंट्रल बैंक के स्थानीय क्षेत्रीय प्रधान बी आर रामकृष्णा नाइक ने सेंट्रल बैंक द्वारा प्रत्येक क्षेत्र में की जा रही उत्तरोत्तर प्रगति के बारे में बताया।




## पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप 14 से शुरू होगी

**जयपुर।** दिव्यांग पैरा स्पोर्ट्स एसोशिएशन ऑफ राजस्थान की ओर से सिक्सथ स्टेट लेवल पेरा पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन 14 मार्च को सुबह 9:00 बजे से शिवा स्पोर्ट्स अकेडमी, टोंक रोड दुर्गापुरा में होगा। आयोजन सचिव राज महावीर सिंह ने बताया कि पूरे प्रदेश से 100 पैरा एथलीट इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता में एमक्यूएस पास करने वाले खिलाड़ी नेशनल प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

**गौड़ ब्राह्मण महासभा ने किया विद्याधरनगर में आयोजन**

## परिचय सम्मेलन में 132 जोड़े तय



बेधड़क | जयपुर

गौड़ ब्राह्मण महासभा राजस्थान के द्वारा विद्याधर नगर में 17वां विवाह परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि उप-मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने युगल दर्पण का विमोचन कर शुरुआत की। प्रदेश अध्यक्ष विजय हरितवाल ने बताया कि सम्मेलन में सभी राज्यों के विवाह योग्य युवक-युवतियों ने परिचय दिया। साथ ही स्वीडन, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, कतर, इंग्लैंड से भी वर्चुअल परिचय दिया गया। 132 जोड़े तय हुए। सम्मेलन में दीया कुमारी ने कहा कि समाज में एकल परिवार की वजह से एक दूसरे से जुड़ने का परिचय सम्मेलन बढ़िया माध्यम है। योग्य युवक युवती को अपने मनचाहा वर वधु की तलाश सम्मेलन से पूर्ण होती है। पंकज पचलंगिया एडवोकेट ने बताया कि 1500 से अधिक युवक युवतियों ने परिचय दिया। शादियों मे कम खर्च पर भी समाज बंधुओं के बीच में चर्चा हुई। इस दौरान प्रमुख महामंत्री रामस्वरूप जोशी, कार्यालय मंत्री राम मोहन शर्मा, युवा महासचिव राकेश तिलावत, डॉ. हेमचंद शर्मा आदि ने सेवाएं दीं।

**'कथाकहन' 5 अप्रैल से**

# जयपुर में जुटेंगे कथाकार, सिखाएंगे कहानी... उपन्यास और स्क्रिप्ट लेखन

बेधड़क | जयपुर

हिंदी नेस्ट की ओर से एक बार फिर जयपुर में देशभर के प्रतिभागी जुटेंगे और सीखेंगे कहानी, उपन्यास पटकथा लेखन से लेकर साहित्य की विभिन्न विधाएं। कथाकहन के चौथे संस्करण की शुरुआत 5 अप्रैल से होने जा रही है।

तीन दिवसीय इस वर्कशॉप में देश के जाने-माने साहित्यकार प्रतिभागियों से रूबरू होने के लिए जयपुर पहुंचेंगे। देश की जानी मानी कथाकार और आयोजक मनीषा कुलश्रेष्ठ ने बताया कि इस बार कथा-साहित्य के दिग्गज लेखक-आलोचक कथाकहन में बतौर विशेषज्ञ आ रहे हैं।



### ये कथाकार होंगे शामिल

प्रसिद्ध कवि-आलोचक अशोक वाजपेयी, हंस के संपादक संजय सहाय, पत्रकार ओम थानवी, प्रसिद्ध उपन्यासकार अलका सरावगी, उपन्यासकार संजीव पालीवाल, बाल साहित्य विशेषज्ञ व इकतारा के प्रबंधक सुशील शुक्ला, कथाकार प्रभात रंजन हिस्सा लेंगे। इसके अलावा आलोचक प्रोफेसर संजीव, विश्वप्रसिद्ध चित्रकार-लेखक अखिलेश, कथा-पटकथा लेखक गौरव सोलंकी, कथाकार गौतम राजरिशी, मनोचिकित्सक-लेखक डॉ. विनय कुमार, प्रोफेसर दुर्गा प्रसाद अग्रवाल, वाणी प्रकाशन की प्रबंधक अदिति माहेश्वरी, विविध भारती के लोकप्रिय उद्घोषक यूनुस खान, हिंदवी के अंजुम शर्मा, नवीन चौधरी, पल्लवी त्रिवेदी, धरा पांडे, कनुप्रिया कुलश्रेष्ठ, अजंता देव, लक्ष्मी शर्मा इसमें शिरकत करेंगे।

### नाटक और मुशायरा भी होगा

पहले दिन 5 अप्रैल की शाम सात बजे 'निर्मल वर्मा के तीन एकांत में से 'वीकेंड' का मंचन होगा, डॉ ज्योत्सना मिश्रा और काव्या मिश्रा इसकी प्रस्तुति देंगी। दूसरे दिन शाम 7.30 बजे 'मुशायरा' आयोजित होगा, जिसमें शीन काफ निजाम, मलका नसीम साहिबा, फारूक इंजीनियर, विनय कुमार, गौतम राजरिशी और बकुल देव हिस्सा लेंगे। इसका संचालन आदिल रजा मंसूरी करेंगे।

### युवा लेखकों को मिलेगी नई दिशा

कथाकहन के युवा आयोजक कुश वैष्णव ने बताया कि कथाकहन न केवल साहित्यिक कथा लेखन की वर्कशॉप है, बल्कि इसमें युवाओं में कहानी के लोकप्रिय माध्यम ऑडियो बुक्स, पॉडकास्ट, ग्राफिक नॉवल्स लिखने की बारीकियां भी सिखाई जाती हैं। कथाकहन की संचालक-सहयोगी और युवा कथाकार ऊषा दशोरा का कहना है कि यह देश का एकमात्र कथा शिविर है, जिसमें भविष्य के युवा लेखकों को नई दिशा मिलती है।

## जरूरी खबर

### प्लास्टिक के कट्टे बनाने वाली फैक्ट्री में भीषण आग



**अजमेर।** जिले के नसीराबाद हाईवे सिलोरा रीको इंडस्ट्रीज एरिया स्थित प्लास्टिक की गिट्टी और कट्टे बनाने वाली फैक्ट्री में रविवार को आग लग गई। हादसे के बाद फैक्ट्री में अफरा-तफरी मच गई। प्लास्टिक पदार्थ होने के चलते आगे ने कुछ ही देर में विकराल रूप ले लिया। फायर इंचार्ज रामप्रसाद चौधरी ने बताया कि आग लगती देख फायरकर्मी दुर्गाराम ने बहादुरी का परिचय देते हुए आग की लपटों के बीच से दो गैस के सिलेंडरों को बाहर निकला।

### आमजन को पेयजल संकट से दिलाएंगे मुक्ति

**अजमेर।** जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी एवं भू-जल विभाग मंत्री कन्हैया लाल चौधरी ने कहा है कि भाजपा सरकार ने आमजन को पेयजल संकट से निजात दिलाने का प्रयास किया है। इसी कड़ी में अजमेर के जागृति नगर में 355 लाख की लागत के भूतल जलाशय का लोकार्पण किया गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार में कोई काम नहीं हुआ था। उन्होंने केवल भ्रष्टाचार किया है। कार्यक्रम में अजमेर दक्षिण विधायक अनिता भदेल, शहर जिलाध्यक्ष रमेश सोनी सहित भाजपा नेता व कार्यकर्ता सहित आमजन मौजूद रहे। इससे पहले मंत्री ने विधिवत पूजा-अर्चना कर टंकी का लोकार्पण किया।

### गणेश मंदिर के रास्ते में 'सुल्ताना' से सहमे श्रद्धालु



**सवाईमाधोपुर।** रणथंभौर नेशनल पार्क की बाघिन सुल्ताना एक बार फिर रणथंभौर के त्रिनेत्र गणेश मंदिर मार्ग पर अपने शावकों के साथ विचरण करती नजर आई। इस दौरान बाघिन को देखकर गणेशजी के दर्शन को जा रहे श्रद्धालुओं की जान हलक में आ गई। वहीं, जंगल सफारी से लौट रहे पर्यटक बाघिन और शावकों को देखकर रोमांचित हो उठे। त्रिनेत्र गणेश मार्ग स्थित आड़ा बालाजी के पास बाघिन और उसके शावक सड़क पर चहलकदमी करते हुए दिखाई दिए। बाघिन यहां करीब 20 मिनट तक सड़क के आस-पास घूमती रही। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और बाघिन और शावकों की मॉनीटरिंग शुरू कर दी।

**खाटूश्यामजी में फाल्गुन का लक्खी मेला आज से,** प्रशासन ने की चाक-चौबंद व्यवस्थाएं

# ध्वजा-पताका और जय-जयकार... भक्त पहुंच रहे श्याम दरबार

**बेधड़क** | सीकर



रींगस कस्बे के खाटूश्यामजी में सोमवार से फाल्गुन का लक्खी मेला शुरू होगा। इसके साथ ही श्याम भक्तों की टोलियां खाटू पहुचने लगी हैं। वहीं पैदल यात्राओं में श्याम भक्त हाथों में ध्वज-पताकाएं लेकर जय-जयकार लगाते हुए बाबा श्याम के दरबार की ओर से पहुंचने लगे हैं।

11 दिवसीय वार्षिक लक्खी मेले को लेकर प्रशासन और मंदिर कमेटी की ओर से चाक-चौबंद व्यवस्थाएं की गई हैं। वहीं, फाल्गुनी लक्खी मेले की तैयारियों को लेकर सीकर जिला कलेक्टर कमर उल जमान चौधरी व पुलिस अधीक्षक भवन भूषण शर्मा लगातार नजर बनाए हुए हैं। जिला कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक मेले की व्यवस्थाओं को देखने के लिए खाटूश्यामजी पहुंचे। जिला कलेक्टर ने मेले की व्यवस्थाओं में लगे अधिकारियों से चर्चा करते हुए श्याम भक्तों की तरह पैदल चलकर व्यवस्थाओं को देखने और अधिकारियों से अपने काम को गंभीरता से व जल्द पूरा करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेले में पैदल आने वाले पद यात्रियों को किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। गौरतलब है कि खाटू के फाल्गुन मेले में देश-विदेश के श्याम भक्त दर्शन के लिए पहुंचते हैं। फाल्गुन मेले में राजस्थान सहित कई राज्यों से पैदल यात्राओं का खाटू पहुंचना शुरू हो गया है। इन पदयात्राओं में श्रद्धालु डीजे की धुन पर झूमते-नाचते श्याम भक्ति से सराबोर नजर आ रहे हैं। पदयात्रियों की सुविधा के लिए रास्ते में जगह-जगह कैंप लगाए गए हैं। इनमें यात्रियों को सोने-खाने की व्यवस्था की गई है। वहीं जगह-जगह पदयात्रियों को नाश्ता दिया जा रहा है। सेवादार पदयात्रियों की सेवा में मुस्तैद है।

### 11 मार्च से 22 मार्च तक विशेष ट्रेन

वहीं, बाबा श्याम का लक्खी मेले की व्यवस्थाओं को देखने के लिए सीकर जिला कलेक्टर कमर उल जमान चौधरी व पुलिस अधीक्षक भवन भूषण यादव जब खाटू श्याम जी पहुंचे तो उन्होंने खुद झिंगुस रोड पर बनी 52 बीघा सरकारी पार्किंग का निरीक्षण किया। इधर खाटू श्याम जी में बाबा श्याम के लक्खी मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए रेलवे की ओर से 11 मार्च से 22 मार्च तक विशेष ट्रेन चलाई जाएगी।

### इस समय पर चलेगी ट्रेन

यह विशेष ट्रेन रेवाड़ी से सुबह 11:40 मिनट पर रवाना होगी जो दोपहर 2:40 पर रींगस रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। इसी तरह यह ट्रेन से दोपहर 3 बजे रवाना होकर शाम 6:20 मिनट पर रेवाड़ी रेलवे स्टेशन पहुंचेगी। यह ट्रेन खाटूश्याम जी मेल में आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए 11 मार्च से 22 मार्च तक प्रतिदिन चलेगी।

**शेखावाटी उत्सव:** पर्यटकों व स्थानीय लोगों में भी दिख रहा उत्साह

# हेरिटेज वॉक में दौड़े दादा-पोते लोक कलाओं का छाया रोमांच

**बेधड़क** | सीकर






जिले के लक्ष्मणगढ़ में चल रहे शेखावाटी उत्सव को लेकर एक तरफ जहां पर्यटकों में उत्साह दिख रहा है वहीं स्थानीय नागरिक भी इसमें भागीदारी निभा रहे हैं। उत्सव के दूसरे दिन रविवार को 'हेरिटेज वॉक' का आयोजन किया गया। इसको लेकर लोगों में अपार उत्साह नजर आया।

हेरिटेज वॉक को मुरली मनोहर मंदिर से प्रशासनिक अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसमें लोक-कलाकारों के साथ, स्थानीय स्कूलों, कॉलेजों के छात्र-छात्राओं, राष्ट्रीय कैडेट कोर, स्काउट गाइड, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक सहित आम नागरिकों ने परम्परागत पोशाक में भाग लिया। एसडीएम मोहर सिंह मीणा व अतिथियों ने शेखावाटी उत्सव में प्रतियोगिताओं में प्रथम व द्वितीय स्थान पर रहने वाले विजेताओं व उप विजेताओं को सम्मानित किया। हेरिटेज वाक का उत्साह लोगों में इस कदर नजर आया कि अलसुबह से ही मुरली मनोहर मंदिर पर लोगों का जुटना शुरू हो गया था। लगभग हर आयुवर्ग के लोग इसमें शामिल हुए। बच्चों में भी हेरिटेज वॉक को लेकर उल्लास दिखाई दिया। वे अपने पापा-दादा के साथ हेरिटेज वॉक में पहुंचे और दौड़ लगाई। रास्ते में जगह-जगह हेरिटेज वॉक के स्वागत के लिए द्वार बनाए गए। वहीं लोगों ने भी दौड़ में शामिल लोगों का स्वागत किया। इस दौरान जिले के हेरिटेज को बचाने और उसके विकास का संदेश दिया गया। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दौरान लोक कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से लोगों का मन मोह लिया।

### मेहंदी प्रतियोगिता में इन्होंने मारी बाजी

शेखावाटी उत्सव के दूसरे दिन कई प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। इनमें विजेताओं को प्रशासन की ओर से पुरस्कार भेंटकर सम्मानित किया गया। मेंहदी प्रतियोगिता में पहले स्थान पर कुसुम, नीलिमा शर्मा, द्वितीय पर कोमल वर्मा, सोनम कुमारी रही। वहीं रंगोली प्रतियोगिता में तमन्ना, पलक, पूनम, अनिता ने पहला स्थान हासिल किया। वहीं सरिता, सुनीता, प्रियंका, मोनिका, हनी, ऋतु दूसरे स्थान पर रही।

### इन मुकाबलों में भी दिखाया दम

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने दम दिखाया। मटका दौड़ में महिलाओं का जोश देखते ही बन रहा था। परंपरागत लंहगा-ओढनी में सजी महिलाएं सिर पर मटका दौड़ीं। इस दौरान गति और बेलेंस का शानदार सामंजस्य देखने को मिला। मटका सिर पर रखकर दौड़ रही महिलाओं में एक-दूसरे को पीछे छोड़ने की होड़ मची रही। मटका दौड़ में रुक्सार पहले और प्रियंका दूसरे स्थान पर ही। वहीं दादा-पोता दौड़ में दादा राजेन्द्र, पोता यश प्रथम, दादा रमजान खिलजी, पोता समर द्वितीय स्थान पर रहे। रस्सा कशी प्रतियोगिता में विजेता ऋषिकुल बीएड कॉलेज, उप विजेता जोधराज मोहनलाल बजाज लक्ष्मणगढ़, वॉलीबॉल प्रतियोगिता में



विजेता दिसनाऊ टीम, उप विजेता जसरासर टीम रहीं। इस अवसर पर स्वीप कॉर्डिनेटर सुरेश कुमार भास्कर द्वारा स्वीप रंगोली 'मेरा वोट, मेरी ताकत' का आयोजन किया गया।

**नशा तस्करी का नया फार्मूला**

# दो ट्रकों की स्टेपनी में भरकर ले जा रहे थे डोडा-चूरा, 5 गिरफ्तार



**बेधड़क** | अजमेर

नशा तस्करी के खिलाफ पुलिस की ओर की ओर से की जा रही ताबड़तोड़ कार्रवाई के चलते बदमाशा तस्करी के नए-नए दांव-पेज आजमा रहे हैं। ऐसा ही एक मामला अजमेर में सामने आया। इसमें तस्करों ने पुलिस को चकमा देने के लिए अलग ही तरीका अपनाया। पपीते से भरे दो ट्रकों की स्टेपनी में डोडा-पोस्त ले जाया जा रहा था। दोनों ट्रकों की स्टेपनी में पुलिस को 50 किलो डोटा-पोस्त भरा मिला।

दोनों स्टेपनी में 25-25 प्लास्टिक की छोटी-छोटी थैलियां पैक कर भरी गई थी। पुलिस ने इस मामले में दोनों ट्रकों के चालकों समेत पांच तस्करों को गिरफ्तार किया है, वहीं ट्रको को जब्त किया गया है। पुलिस आरोपियों से नशे के नेवटवर्क को लेकर पूछताछ कर रही है। थानाधिकारी भंवर सिंह राव ने बताया कि अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के संबंध में मिले इनपुट के आधार पर थाना पुलिस ने शनिवार रात को मेगा हाईवे के नुवां चौराहे पर नाकाबंदी की। इस दौरान किशनगढ़ की तरफ से आए दो पंजाब पासिंग नंबरों के ट्रकों को रुकने का इशारा किया गया, लेकिन पुलिस को देखकर चालक ट्रक को भगाने लगे। बाद में पीछाकर ट्रकों को रोका और पूछताछ की। चालकों ने दोनों ट्रकों में महाराष्ट्र से पपीता भरकर पंजाब की फगवाड़ा मंडी पहुंचाने की बात कही। दोनों ट्रक चालकों के पास बैठे 3 अन्य व्यक्तियों के चेहरे पर पुलिस का डर देखकर उनसे कड़ाई से पूछताछ की गई तो उन्होंने स्टेपनी में डोडा-चूरा होने की बात स्वीकार ली। नशा तस्करी के आरोप में पंजाब के भटिंडा जिले के करनाल निवासी बब्बूसिंह (34), फजिल्का जिले के अबोहर निवासी गुरमीत सिंह (35), इसी इलाके के गुरमीत सिंह (23), करनाल निवासी रजिन्द्र सिंह (30) और अबोहर निवासी करमजीत सिंह (30) को गिरफ्तार किया गया है।

**एक दिवसीय दौरे पर झुंझुनूं** पहुंचे विधानसभाध्यक्ष

# राम मंदिर संस्कृति का वाहक: देवनानी

**बेधड़क** | झुंझुनूं



विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी रविवार को एक दिवसीय दौरे पर झुंझुनू पहुंचे. यहां मां माटी प्रन्यास व भारत विकास परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।

इस दौरान उन्होंने अयोध्या में 'श्रीरामलला मंदिर निर्माण एक नए युग का शुभारंभ' विषय पर बोलते हुए कहा कि राम मंदिर केवल मंदिर नहीं है, बल्कि ये भारतीय संस्कृति का वाहक है। साथ ही भारत के विश्व गुरु बनने की पहली मंजिल भी है। विधानसभा कार्रवाई को लेकर उन्होंने कहा कि पक्ष-विपक्ष को एक साथ लेकर जनता के अधिक से अधिक मुद्दों पर चर्चा कराने की उनकी कोशिश रहेगी, ताकि आमजन लाभान्वित हो सके। इतना ही नहीं देवनानी ने कहा कि विधानसभा को पूरी तरह से पेपर मुक्त करने की दिशा में प्रक्रिया जारी है। स्कूली शिक्षा पर अपनी बातें रखते हुए देवनानी ने कहा कि बच्चों को भारत का इतिहास इसीलिए पढ़ाए जाने की जरूरत है, ताकि वे वीर शहीदों और स्वतंत्रता सेनानियों की गौरव गाथा से प्रेरणा ले सकें। आज गुलामी की प्रतीक मैकाले की शिक्षा पद्धति के बजाय गौरवमयी इतिहास को पढ़ाए जाने की आवश्यकता है। जब तक बच्चों को वीर शहीदों की गाथाओं के बारे में नहीं पता होगा, तब तक वे सही दिशा में आगे नहीं बढ़ सकेंगे।

**धूमधाम से मनाया सीआईएसएफ** का स्थापना दिवस

# हैरतअंगेज करतबों में दिखा जवानों का जोश

**बेधड़क** | बहरोड



जिले के अनंतपुर स्थित सीआईएसएफ सेंटर में रविवार को 55वें दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि आईपीएस संतोष कुमार चालके शामिल हुए। तिरंगे को सलामी देने के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई।

सीआईएसएफ के महाराणा प्रताप क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित समारोह में शिक्षार्थियों की ओर से हैरतअंगेज प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्हें देखकर दर्शक रोमांचित हो उठे। इसके साथ ही रविवार को सीआईएसएफ का स्थापना दिवस भी मनाया गया। इस दौरान कार्यक्रम में रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ ही सीआईएसएफ के जवानों ने अपनी बहादुरी और रणकौशल का परिचय दिया। कार्यक्रम में 0मुख्य अतिथि को सीआईएसएफ के जवानों द्वारा परेड ग्राउंड में मार्च पास्ट कर सलामी दी गई। मुख्य अतिथि ने जवानों को प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया। वहीं, इस कार्यक्रम में आईपीएस अर्श वर्मा, डीआईजी निसिद चंद, डीआईजी सीताराम यादव, डीआईजी एसएस गिल, डीआईजी आरआर झा, डीआईजी मनवेंद्र सिंह, डीआईजी एसके शर्मा, डीआईजी अनिल कुमार सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

इधर, 48वें आरक्षक बैच की ओर से रविवार को आयोजित कार्यक्रम में रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ ही देश की सुरक्षा व आतंकी हमलों की सूरत में जवानों की ओर से लिए जाने वाले एक्शन समेत रणनीतिगत निर्णयों को दर्शाया गया।

**लोकसभा स्पीकर बिरला ने किया विकास कार्यों का लोकार्पण**

# दुनिया के पर्यटन नक्शे पर छाएगा बूंदी, मिलेगी अन्तरराष्ट्रीय सुविधाएं

**बेधड़क** | बूंदी





'पर्यटन, खेल, कृषि, पेयजल, ढांचागत विकास सहित हर क्षेत्र में अगले पांच में बूंदी में अनेक विकास कार्य होंगे। हम बूंदी को ऐसा बनाएंगे कि इसको दुनिया देखने आएगी।' ये बात लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने रविवार को खेल संकुल में कही।

बिरला यहां 5 करोड़ की लागत से बने अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्विमिंग पूल, तारागढ़ और ऐतिहासिक महत्व के स्थलों पर फसाड लाइट्स कार्य का लोकार्पण व नवल सागर में 9.25 करोड़ की लागत से बनने वाले म्यूजिंग एंड लाइट शो कार्य का शिलान्यास करने पहुंचे थे। इस दौरान ओम बिरला ने कहा कि बूंदी में खेल संकुल के नाम पर एक मैदान बनाकर भुला दिया गया। किसी ने विचार नहीं किया कि सुविधाएं नहीं होंगी तो अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी कैसे तैयार होंगे। हम यहां दौड़, तैराकी, बैडमिंटन, बॉस्केटबॉल, कुश्ती, टेबल टेनिस, हैंडबॉल सहित सभी खेलों के लिए मैदान तैयार कर रहे हैं, जिसका लाभ खिलाड़ियों को मिलेगा। उन्होंने कहा कि पहले चरण में 21 करोड़ का काम हो चुका है। दूसरे चरण में और 21 करोड़ का काम होगा। यहां खिलाड़ियों के लिए आवासी छात्रावास और सभी खेलों के कोच भी होंगे। जब यहां सभी खेलों की सुविधाएं तैयार हो जाएंगी तो बूंदी के कई खिलाड़ी राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में मेडल भी लाएंगे। साथ ही नौकरी के लिए भी फिजिकल टेस्ट की तैयारी कर पाएंगे।

### पर्यटकों का ठहराव हो, ऐसे होंगे विकास कार्य

स्पीकर बिरला ने कहा कि बड़ी संख्या में देसी-विदेशी पर्यटक बूंदी आते हैं, लेकिन यहां एक ही दिन रुकते हैं। हम चाहते हैं कि पर्यटक कम से कम तीन दिन बूंदी में रुकें। इसी अनुरूप क्षेत्र को विकसित किया जा रहा है। पहले चरण में तारागढ़ किले और बूंदी के कुछ ऐतिहासिक दरवाजों पर फसाड लाइट्स लगने से बूंदी में नाइट ट्यूरिज्म को प्रोत्साहन मिलेगा। दूसरे चरण में ऐतिहासिक महत्व के अन्य स्थानों पर भी फसाड लाइट्स लगाई जाएंगी। नवल सागर में म्यूजिक एंड लाइट शो पर्यटकों के साथ स्थानीय लोगों के लिए भी बड़ा आकर्षण होगा। नवल सागर की सफाई करवाकर भविष्य में वहां बोटिंग की संभावनाएं भी तलाशी जाएंगी। चित्र शाला और चौरासी खंभों की छतरी की दशा भी सुधारी जाएगी।

### बूंदी में हुए ऐतिहासिक विकास कार्य

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक अशोक डोगरा ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में बूंदी में जो कार्य हुए वे ऐतिहासिक हैं। बूंदी आज उस दिशा में आगे बढ़ रही है, जहां सबके लिए समृद्धि और खुशहाली है। जिस तरह पीएम मोदी हैं तो देश में कुछ भी मुमकिन है, उसी तरह कोटा-बूंदी में बिरला हैं तो सबकुछ मुमकिन है। कार्यक्रम में बूंदी जिलाध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, तालेड़ा पंचायत समिति के प्रधान राजेश रायपुरिया सहित बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन और खिलाड़ी उपस्थित रहे।

### अन्तरराष्ट्रीय स्तर का बना स्विमिंग पूल

खेल संकुल में अन्तरराष्ट्रीय स्तर के स्विमिंगपूल का लोकार्पण होने के बाद इसकी पहली झलक पाने के लिए बूंदी के लोग उमड़ पड़े। उनके लिए यह एक सपने का पूरा होने जैसा अनुभव था। उद्घाटन के मौके पर तैराकी की प्रतियोगिता भी करवाई गई, जिसमें भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों से स्पीकर बिरला ने मुलाकात की। खिलाड़ियों और आमजन ने स्विमिंग पूल के लिए स्पीकर बिरला का आभार जताया। साथ ही उन्होंने बिरला के सामने कई और खेलों के मैदान बनवाने का आग्रह किया। बिरला ने उन्हें आश्वस्त किया कि हर उस खेल की सुविधा मिलेगी, जिसकी खिलाड़ी अभिलाषा रखते हैं।

## केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में चार दिवसीय अखिल भारतीय रूपक महोत्सव ने जमाया रंग

# विद्यार्थियों ने नाटक के माध्यम से पन्नाधाय के बलिदान को दर्शाया

### जयपुर परिसर के स्नुषा विजयम् को मिला प्रथम पुरस्कार



**बेधड़क** | जयपुर

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में चल रहे रहे चार दिवसीय 20वें अखिल भारतीय रूपक महोत्सव-2024 का समापन समारोह रविवार को आयोजित हुआ। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए रूपक महोत्सव कार्यक्रम संयोजन प्रो. कुलदीप शर्मा ने बताया कि त्रिवेणी नगर स्थित जयपुर परिसर में आयोजित समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने संस्कृत के अलावा डोगली, प्राकृत, तमिल, कन्नड़, मल्यालम में नाटकों की प्रस्तुति दी। केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर परिसर के पूर्व छात्रों द्वारा कथा पन्नाधाय री बलिदान का मंचन किया गया।

पद्म श्री अनुपमा होसकेरे द्वारा पुतलिका कठपुतली नाटक का मंचन किया गया। कठपुतली शो को देखकर दर्शक रोमांचित हो गए। शर्मा ने बताया कि चार दिवसीय इस महोत्सव में 15 राज्यों के छात्रों ने संस्कृत भाषा के साथ डोगली, प्राकृत, तमिल, कन्नड़, मल्यालम में नाटकों की प्रस्तुति दी।

## कृपणखल्वाटचरितम् श्रृंगेरी को मिला द्वितीय पुरस्कार




### समारोह में यह हुए शामिल

समारोह के मुख्य अतिथि लोकायुक्त प्रताप कृष्ण लोहरा थे। अध्यक्षता प्रो.श्रीनिवास वरखेड़ी कुलपति केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली ने की। विशिष्ट अतिथि पद्मश्री अनुपमा होसकेरे,जयपुर परिसर निदेशक, प्रो. सुदेश कुमार शर्मा, प्रो. गायत्री मुरली कृष्णा कुल सचिव केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय दिल्ली, प्रो. मधुकेश्वर भट्ट निदेशक केन्द्रीय योजना थे। निर्णायक मंडल के डॉ. उन्नीकृष्णन, डॉ. उपद्रस्ट वेंकट रमण मूर्ति, प्रो. सीएसराम चंद्र मूर्ति, प्रो. विजय कुमार, करण अर्जुन भारद्वाज ने बताया की इसमें श्रेष्ठ विजेता नाटक का खिताब जयपुर परिसर के छात्रों को मिला।



### इन्हें किया गया पुरस्कृत

चार दिवसीय रूपक महोत्सव के समापन पर विजेताओं को पुरस्कारों का वितरण किया गया। इसमें प्रथम पुरस्कार केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय जयपुर की स्नुषा विजयम् को मिला। उन्हें पुरस्कार स्वरूप 25,000 हजार रुपए नकद व प्रमाण पत्र और प्रथम विजेता ट्रॉफी प्रदान कि गई। द्वितीय पुरस्कार केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय श्री राजीव गांधी परिसर के कृपणखल्वाटचरितम् श्रृंगेरी को दिया गया। इन्हें पुरस्कार स्वरूप 20 हजार रुपए नकद प्रमाण पत्र और उप विजेता ट्रॉफी प्रदान कि गई। वहीं तृतीय पुरस्कार - 1.संस्कार-चरितम- के-सं. वि. वि. श्री सदा शिवपरिसर, पुरी 2 मर्त्यचातुर्यम् - श्रीभगवानदास आदर्श संस्कृत महाविद्यालय, हरिद्वार को मिला और इन्हे पुरस्कार स्वरूप 15,000 रुपए नकद प्रणाम पत्र और ट्रॉफी प्रदान कि गई। विशेष प्रोत्साहन पुरस्कार कविकुल गुरु कालिदास महाविद्याल रामटेक नागपुर को दिया गया। इन्हें पुरस्कार स्वरूप 10,000 रुपए नकद, स्मृति चिह्न, ट्रॉफी व प्रमाण पत्र दिए गए। इस अवसर पर यूजीसी के संयुक्त सचिव डॉ. मंथा श्रीनिवास संस्कृत एप के लिए प्रसिद्ध प्रो. मदन मोहन झा, प्रो. रमाकांत पाण्डेय निदेशक भोपाल परिसर, प्रो. श्रीधर मिश्र निदेशक जम्मू परिसर, प्रो. सतीश कपूर जम्मू, प्रो. सत्यम कुमारी डॉ. कान्ता गलानी सहित सैकड़ों संस्कृत विद्वान् एवं अनुरागी उपस्थित थे।

---

### पाली कन्या महाविद्यालय का मामला

## शिक्षक नहीं होने से छात्राओं के सपने हो रहे चकनाचूर



**बेधड़क** | जयपुर

पाली की बेटियां प्रदेश की भजनलाल सरकार से पूछ रही है कि उन्हें पढ़ाई की गारंटी कौन देगा? वे महाविद्यालय तो नियमित जा रही हैं, लेकिन पढ़ाने वाला कोई नहीं। उनका कहना है कि सरकार केवल दावे ही करेगी या शिक्षा के समुचित प्रबंध भी। क्योंकि, पाली संभाग मुख्यालय के राजकीय कन्या महाविद्यालय में न तो विज्ञान पढ़ाने वाला है और न ही गणित। यहां तक कि महत्वपूर्ण विषयों के अधिकांश पद रिक्त है। ऐसे में वे कैसे अपने अरमान पूरे कर पाएगी। महाविद्यालय में शैक्षणिक और गैर शैक्षणिक कुल स्वीकृत पदों में से 84 फीसदी पद खाली है। ताज्जुब की बात यह है कि महाविद्यालय में साढ़े सात सौ बेटियां भविष्य के सपने पूरे करने की उम्मीदें लेकर आ रही है। खेलों में रुचि रखने वाली बेटियों के सपने भी यहां चकनाचूर हो रहे हैं। यहां एक पद शारीरिक शिक्षक का स्वीकृत है, लेकिन वह भी खाली। ऐसे में नियमित रूप से कोई भी छात्रा खेलों की तैयारी नहीं कर सकती। कुछ बालिकाएं अपने स्तर पर तैयारी करती हैं, लेकिन महाविद्यालय में खेलों की सुविधा नहीं होने से उनके सपने पूरे नहीं हो रहे हैं।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सम्मान समारोह

## उत्कृष्ट कार्य करने वाली टीचर्स का किया सम्मान

**बेधड़क** | जयपुर

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला शक्ति सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें राजस्थान की महिलाओं को उनके कार्य क्षेत्र में उपलब्धियां हासिल करने के उपलक्ष में अवाड्र्स दिए गए।

इस कार्यक्रम में सुबोध पीजी महिला महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रेणु जोशी और समाजशात्र की व्याख्याता डॉ. रुचिका शर्मा को गत 27 वर्षो से शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए "स्त्री शक्ति सम्मान 2024" से नवाजा गया। पूर्व राज्यमंत्री भूपेंद्र सैनी, हवामहल विधायक बाल मुकुंदाचार्य, राज्य महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष सुमन शर्मा एवं पद्मश्री पुरस्कार से



सम्मानित गुलाबों ने इस अवसर पर पुरस्कार दिए। इस कार्यक्रम की शुरुआत एक टॉक शो से हुई, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों की एक्सपट्र्स सुमन शर्मा, निर्मला सेवानी, पूजा अग्रवाल और रंजीता अग्रवाल ने अपने विचार रखे। इस सार्थक और सफल कार्यक्रम का आयोजन ट्रांस वेलफेयर सोसाइटी की अध्यक्ष कोमल चौहान के द्वारा किया।

### विषय विशेषज्ञ करेंगे समाधान

## विद्यार्थियों को अब फोन के माध्यम से मिलेगा समस्याओं से छुटकारा

**बेधड़क** | जयपुर

माध्यमिक शिक्षा विभाग ने बोर्ड परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों को राहत दी है। वह आने वाली समस्याओं और शंकाओं के समाधान के लिए ऑन कॉल विषय विशेषज्ञों से संपर्क कर मार्गदर्शन ले सकेंगे। विद्यार्थियों को एक कॉल करना होगा या विभाग की मेल पर एक मेल करना होगा। उनकी शंकाओं का समाधान तुरंत किया जाएगा।

इसके लिए माध्यमिक शिक्षा निदेशालय ने 47 विषय विशेषज्ञों का पैनल तैयार किया है। बोर्ड परीक्षा की तैयारी कर रहे परीक्षार्थी बीकानेर शिक्षा निदेशालय में स्थापित कंट्रोल रूम और मेल करके अपनी समस्या बता सकेंगे। विभाग की ओर से दो बजे तक मिली समस्याओं का उसी दिन शाम तक समाधान कर दिया जाएगा। विद्यार्थियों के लिए हर विषय के विशेषज्ञ को ऑन कॉल रहेंगे।

जैसे ही कोई परीक्षार्थी अपनी समस्या के लिए कॉल या मेल करेगा, वैसे ही उसे कंट्रोल रूम से संबंधित विषय विशेषज्ञ को भेज दिया जाएगा। विषय विशेषज्ञ उसी दिन शाम तक इसका समाधान कर संबंधित परीक्षार्थी को भेजेंगे। साथ ही विभागीय वेबसाइट तथा शिक्षा विभाग के चैनल पर भी उसे अपलोड कर दिया जाएगा, ताकि अन्य परीक्षार्थी भी उसे देख सकें। जिन 47 विषय विशेषज्ञों के पैनल को ऑन कॉल तैयार रहने को कहा गया है। उनमें ड्क्षहदी, अर्थशास्त्र, रसायन विज्ञान, राजनीति विज्ञान, विज्ञान, भूगोल, इतिहास, संस्कृत, गणित, जीव विज्ञान, अंग्रेजी, राजस्थानी साहित्य, भौतिक विज्ञान के व्याख्याता तथा वरिष्ठ अध्यापक शामिल हैं।

### सीडीईओ, डीईओ, पीईईओ को जारी किए आदेश

माध्यमिक शिक्षा विभाग के निदेशक आशीष मोदी ने सभी मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, सभी पीईईओ-यूसीईईओ को आदेश जारी किए हैं कि परीक्षा में बैठने वाले हर विद्यार्थी तक यह जानकारी पहुंचे, ताकि विद्यार्थियों को सवालों में आने वाली परेशानी को कम किया जा सके।

## 21 वें रक्तदान शिविर में 62 यूनिट रक्त एकत्रित




**बेधड़क** | जयपुर

आनंद शर्मा चैरिटेबल ओर से आयोजित 21वें रक्तदान शिविर में 62 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। विद्याश्रम स्कूल मे आयोजित इस शिविर में फर्स्ट टाइम ब्लड डोनर भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। ट्रस्टी राहुल शर्मा ने बताया कि गत 20 वर्षों से यह शिविर नियमित रूप से आयोजित किया जा रहा है, उन्होंने बताया कि शहर के कमोबेश सभी इलाको से बड़ी संख्या में रक्तदाता इस शिविर में शामिल हुए।

कार्यक्रम में पूर्व आईपीएस लक्ष्मण गौड, अजीत सक्सेना, अजय पाल सिंह, हंस कुमार शर्मा, दीक्षांत शर्मा समेत अन्य गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया।

**डिस्कशन** | मेडिकल कॉलेजों में फिजिकल इन्वेस्टिगेशन का बोझ कम करने के लिए एनएमसी कर रहा तैयारी

# बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम से हल होगी समस्या

**बेधड़क** | नई दिल्ली

मेडिकल कॉलेजों के मूल्यांकन में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और मैन्युअल हस्तक्षेप को कम करने के लिए, राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग आधार सक्षम बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली (एईबीएएस) पोर्टल के डेटा का उपयोग करेगा जिससे भौतिक निरीक्षण की आवश्यकता दूर हो जाएगी।

हालांकि, एनएमसी के सचिव डॉ. बी श्रीनिवास ने कहा कि पोर्टल पर अपलोड किए जा रहे डेटा को सत्यापित करने के साथ-साथ भौतिक बुनियादी ढांचे की जांच करने के लिए आयोग द्वारा कुछ औचक निरीक्षण जारी रहेंगे।

मेडिकल कॉलेजों में 'घोस्ट फैकल्टी' की समस्या का समाधान



करने और मेडिकल छात्रों और संकाय की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए, एनएमसी पहले से ही एईबीईएस पोर्टल के आधार पर अपना मूल्यांकन कर रहा है जो पिछले एक साल से ही चालू है।

डॉ. श्रीनिवास के मुताबिक आधार इनेबल्ड बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम डैशबोर्ड से डेटा का उपयोग करने से अधिक पारदर्शिता आएगी। किसी कॉलेज के बारे में निर्णय लेने के लिए औसतन दो महीने के कार्य दिवसों की 75 प्रतिशत उपस्थिति को ध्यान में रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि पहले निरीक्षण एक दिन की उपस्थिति के लिए भी किया जाता था। उन्होंने कहा कि सभी डेटा किसी भी समय उपलब्ध होंगे। इसके अलावा, एनएमसी एक पोर्टल भी लॉन्च करेगा जहां मेडिकल कॉलेज मूल्यांकन से संबंधित अपने अनुपालन के किसी भी निवारण के लिए ऑनलाइन अपील कर सकते हैं।

### अनिवार्य होगी 75 फीसदी उपस्थिति

डॉ. श्रीनिवास ने बताया कि हैकिंग से बचने के लिए संबंधित एजेंसियों से सुरक्षा मंजूरी लेने के बाद यह नया पोर्टल जल्द ही चालू हो जाएगा। एक बार इसके खुलने के बाद यह हर कॉलेज की शुरुआत से ही अपना डेटा जमा करेगा। इसके अलावा, एनएमसी ने जनवरी में 'स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए आवश्यकताओं का न्यूनतम मानक-2023 (पीजीएमएसआर-2023)' दिशानिर्देश जारी किए, जिसमें मेडिकल कॉलेजों में घोस्ट फैकल्टी के बोझ के मुद्दे से निपटने के लिए संकाय को कॉलेज के घंटों के दौरान निजी प्रैक्टिस में शामिल होने से रोक दिया गया। दिशानिर्देशों में कहा गया है कि संकायों की आवश्यक संख्या के लिए कुल कार्य दिवसों की कम से कम 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य होगी।

# नदियों को डंपिंग यार्ड न बनाएं




रामभरोस मीणा
पर्यावरण कार्यकर्ता और समाज विज्ञानी


सदियों से पवित्र निर्मल वर्षा जल के साथ एक लम्बे चौड़े क्षेत्र में एक स्थान से दूसरे स्थान को जल पहुंचाने वाले नाड़ी नाले नदी महा नदियां एक तरफ बदलते मौसम के मिजाज से अपने बहाव क्षेत्र को समेटते जा रही हैं, वहीं उनके बहाव क्षेत्रों की प्राकृतिक सम्पदा नष्ट होती जा रही है। इससे नदियों के आस पास भूमि की आर्द्रता खत्म होते हुए शुष्क व अनुपजाऊ बन रही है, जिसका पर्यावरण पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। इन्हें प्रशासनिक अनदेखी के साथ सीवरेज में बदला जा रहा है जो नदियों के पारिस्थितिकी तंत्र पर विपरीत प्रभाव डालने के साथ नदी नालों के स्वभाव व उनकी प्रकृति को प्रभावित करने लगा है। परिणाम स्वरूप आम व्यक्ति को इस का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है क्योंकि इससे नदी के आस पास रहने बसने वाले लोग सबसे ज्यादा प्रभावित हैं जिनकी नदी के बहाव व उसकी उपज से जीविका चलती हैं जो कटु सत्य है । कारण आज भी उस व्यक्ति परिवार समाज का मुख्य रोजगार कृषि तथा पशुपालन है, लेकिन बढ़ते शहरीकरण, औद्योगीकरण के साथ मानव की लालची प्रवृत्ति ने नदी नालों नाड़ियों को निगल सा लिया है जो अपना अस्तित्व खोने के कगार पर पहुंच गए हैं। यह चिंतनीय विषय है।

बढ़ते भौतिकवाद के साथ नदियों पहाड़ों का मिटाना औद्योगिक इकाइयों का तेजी से विस्तार करना प्राणवायु को कोसना क्या यही सच्चाई में विकास है? आखिर यह सब कब-तक चलेगा? क्या प्रकृति द्वारा प्रदत्त सभी संसाधनों पर मानव का अधिकार है? फिर वन्य जीव, पशु पक्षी, कीट-पतंगों का क्या होगा। वे कहां रहेंगे? आज दुनिया से आर्द्र भूमि गायब हो गई है, वन सिकुड़ते जा रहे हैं, सैकड़ों प्रजातियों की वनस्पतियां, कीट-पतंगे, पक्षियों की प्रजातियां नष्ट होते दिखाई दे रही हैं। आखिर ऐसा क्यों, क्या कारण है? इसका कौन जिम्मेदार होगा तथा परिणाम किसको भुगतान पड़ रहा है। यह सब एक विचारणीय विषय बन गये हैं लेकिन ना विज्ञान इन्हें बचाने की पैरवी कर रहा है और ना सरकार व समाज ही आगे आ रहे हैं। वैसे भी यह कार्य विज्ञान व सरकारें करने में सफल नहीं हो सकतीं। यदि ये कर सकते तो गंगा साफ हो चुकी होती। इन्हें साफ व स्वच्छ बनाने तथा बचाने के लिए सामाजिक स्तर पर प्रत्येक व्यक्ति समाज समुदाय को आगे आना होगा और वह आवश्यकता आज महसूस हो रही है। इन्हें आगे आना चाहिए।

> *देश की स्थानीय नदियां जहां एक तरफ़ गायब होती जा रही हैं, वहीं उनके बचे भाग को कूड़ा दान में तब्दील किया जा रहा है, जो नदियों के पारिस्थितिकी तंत्र बिगाड़ने के साथ - साथ स्थानीय लोगों के जीवन के साथ भी यह खिलवाड़ है।*

आज यदि राजस्थान में फैली अरावली पर्वतमाला की बात करें तो पता चलता है कि इन पर्वत मालाओं के वो हिस्से जो छोटी पहाडियों में दिखाई देते थे 70 से 80 प्रतिशत क्षत-विक्षत हो चुके हैं, 25 से 30 प्रतिशत मुख्य अरावली पर्वत माला के पहाड़ भी वैध या अवैध खनन के चलते खोखले कर दिए गए हैं। वहीं, 60 से 65 प्रतिशत वन सम्पदा नष्ट हो चुकी है। मामला यहीं खत्म नहीं होता राजस्थान की सदाबहार नदी चम्बल भी बजरी निकाल कर खोखली कर दी गई है, जिससे घड़ियालों का जीवन खतरे में है।

अब हम स्थानीय नदियों की बात करें तो वो लगभग गायब सी हो गई हैं, उनका बहाव क्षेत्र अवरुद्ध कर दिया गया है । वहीं उन्हें फार्महाउस या कूड़े दान या कूड़ा घरों में बदल दिया है। यह सब जयपुर शहर के आसपास की नदियों के साथ हो रहे व्यवहार से पता चलता है। दूसरे यदि देखें तो आज उभरते शहरों की सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट भी नदियों के पेटे में लगाने की कवायद शुरू हो चुकी है जैसा कोटपूतली नगर परिषद द्वारा किया जा रहा है। राजस्थान के जयपुर तथा अलवर जिलों में बहते हुए हरियाणा में प्रवेश कर यमुना जी में अपने को समर्पित करने वाली तथा राजस्थान व हरियाणा राज्यों के भू गर्भ के जल को तालाबों की तरह भरने वाली साबी नदी जो पावटा, कोटपूतली, बहरोड़, नीमराना, मुंडावर, खैरथल के लिए वरदान मानी जाती रही थी, आज स्वयं के अस्तित्व को नहीं बचा पा रही है। वह अपने पेट में जहर निगलने को तैयार की जा रही है। यह नदी आगामी समय में मां नहीं रहकर डायन बन जाएंगी ।

साबी बिगड़ते मौसम चक्र, बढ़ते ग्लोबल वार्मिंग, गिरते जल स्तर, बढ़ते पर्यावरणीय खतरों के साथ प्रशासनिक अनदेखी के चलते अपने बहाव क्षेत्र में उपजी वनस्पतियों, झाड़ियों, वनसम्पदा को खो चुकी है। इसके साथ अपने क्षेत्र में बनी आर्द्रता नम भूमि को भी खो चुकी है। नदी क्षेत्र में नष्ट हुई प्राकृतिक संपदाओं से जल स्तर में तेजी से गिरावट आने लगी है। नदी किनारे देखने पर लगता है कि नदी है ही नहीं। साबी के साथ बड़े अत्याचारों से नदी की कहानी यहीं पूरी नहीं होती। अब यह नदी से बदल कर कचरा ढोने वाली, जहर निगलने वाली गाडी बनाईं जा रही है। कोटपूतली नगरपरिषद से चार किलोमीटर दूर बहने के बावजूद भी शहर का मल मूत्र, जहरीले पानी को सीवर लाइन के माध्यम से चतुर्भुज गांव के पास नदी में डालने का काम टेक्नोक्राफट कंसट्रक्शन कम्पनी प्रा. लि. नोएडा द्वारा नगरपरिषद के सहयोग से तैयार किया जा रहा है। कम्पनी 10 मेघा लीटर प्रतिदिन का सिवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाएगी, जिसमें प्रथम फेज में उत्तर-पूर्व दक्षिण-पूर्व तथा पूर्वी भाग के सभी परिवारों को जो नेशनल हाई-वे के पूर्व का हिस्सा है, जिसमें अनुमानित 25 लाख लीटर पानी मल मूत्र अपशिष्ट को प्रति दिन नदी में डालने के लिए जोड़ा गया है।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## खेत, खेती और सेहत पर भारी पड़ता रासायनिक उर्वरकों को अत्यधिक उपयोग

# रासायनिक उर्वरकों सब पर पड़ा भारी




डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा
स्वतंत्र टिप्पणीकार


> *रासायनिक उर्वरकों का अत्यधिक उपयोग आज खेत, खेती, सेहत और पर्यावरण सब पर भारी पड़ रहा है। यह कोई हमारे यहां की ही समस्या नहीं अपितु रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग का दुष्प्रभाव दुनिया के समूचे देश भुगत रहे है। रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से भूमि की उर्वरा शक्ति प्रभावित हो रही है तो पर्यावरण पर भी विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। यदि हम केवल और केवल हमारे देश की ही बात करें तो जो आंकड़ें सामने आ रहे हैं वे अत्यधिक चिंताजनक होने के साथ ही गंभीर भी है।*



रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का उपयोग खेत, खेती और सेहत पर भारी पड़ रहा है। देश में रासायनिक उर्वरकों के बढ़ते उपयोग को इसी से समझा जा सकता है कि आजादी के समय 1950-51 में देश में 7 लाख टन रासायनिक उर्वरकों का उपयोग होता था। एक मोटे अनुमान के अनुसार आज देश में 335 लाख टन से अधिक रासायनिक उर्वरको का उपयोग हो रहा है। इसमें 75 लाख टन उर्वरकों का तो आयात करना पड़ रहा है। यूरिया से नाइट्रोजन चक्र प्रभावित होता है और उससे ग्रीन हाउस गैस का उत्सर्जन बढ़ने से पर्यावरण प्रभावित होता है। दरअसल समस्या की जड़ दूसरी ओर है और वह यह कि उर्वरकों के संतुलित उपयोग के स्थान पर आंख मींच कर अंधाधुंध उपयोग से अधिक हालात खराब हुए हैं। देश में उर्वरकों की खपत का विश्लेषण किया जाए तो केन्द्र शासित प्रदेशों सहित 797 जिलों में से केवल ओर केवल 292 जिलों में ही देश में उर्वरकों की कुल खपत की 83 फीसदी उर्वरकों की खपत हो रही है। यह अपने आप में गंभीर है। ऐसा नहीं है कि सरकार इसे लेकर गंभीर नहीं है अपितु सरकार ने उर्वरकों के अत्यधिक प्रयोग से होने वाले दुष्प्रभावों को देखते हुए ही 2004 में यूरिया के अत्यधिक उपयोग से होने वाले दुष्प्रभाव के अध्ययन के लिए सोसायटी फॉर कंजर्वेशन असॅफ नेचर की स्थापना की। दुनिया की सहकारी क्षेत्र की उर्वरक उम्पादक सहकारी समिति इफको द्वारा नैनो उर्वरक तैयार कर उनकी उपलब्धता व उपयोग बढ़ाने के प्रयास इसी दिशा में बढ़ते प्रयासों में से एक माना जा सकता है। रासायनिक उर्वरकों के संतुलित उपयोग के लिए केन्द्र व राज्यों के कृषि मंत्रालयों द्वारा सावचेत किया जाता रहा, पर यह नाकाफी होने के साथ ही सही मायने में प्रभावी तरीके से अवेयरनेस कार्यक्रमों का संचालन नहीं हो पा रहा है। आज पंच नदियों के प्रदेश में तेजी से जल स्तर कम होता जा रहा हे। पंजाब के लोग ही पंजाब में उत्पादित गेहूं को अन्य प्रदेशों में खपाने और दूसरे प्रदेशों से गेहूं मंगाकर उपयोग में लेने लगे हैं। इसी तरह से देष में कैंसर के सर्वाधिक मामलें पंजाब से आ रहे हैं। रासायनिक उर्वरक और जहरीले कीटनाशक इसके प्रमुख कारण किसी से अनजाने नहीं हैं। हो यह रहा है कि उर्वरकों के कारण मिट्टी के खेती में सहायक कीट नष्ट हो जाते हैं वहीं रासायनिक उर्वरक वर्षा आदि में बह कर नदी आदि प्राकृतिक जल स्त्रोतों को भी प्रदूषित कर देते हैं। रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से तैयार फसल के उपयोग से मानव ओर मवेशी दोनों के ही स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

रासायनिक उर्वरकों का अत्यधिक उपयोग आज खेत, खेती, सेहत और पर्यावरण सब पर भारी पड़ रहा है। यह कोई हमारे यहां की ही समस्या नहीं अपितु रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग का दुष्प्रभाव दुनिया के समूचे देश भुगत रहे है। रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से भूमि की उर्वरा शक्ति प्रभावित हो रही है तो पर्यावरण पर भी विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। यदि हम केवल और केवल हमारे देश की ही बात करें तो जो आंकड़ें सामने आ रहे हैं वे अत्यधिक चिंताजनक होने के साथ ही गंभीर भी है। रासायनिक खाद के बढ़ते इस्तेमाल के कारण देश की खेती योग्य भूमि में से 30 फीसदी भूमि बंजर होने की कगार पर पहुंचने लगी है। यह आंकड़ा कोई हवा हवाई नहीं होकर सेंटर फॉर साइंस एण्ड एनवायरमेंट की रिपोर्ट के अनुसार है। पंजाब, हरियाणा सहित कई प्रदेशों में कृषि उपज की सेचुरेशन वाले हालात हमारे सामने हैं। इसके साथ ही रासायनिक उर्वरकों और जहरीले कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग का परिणाम जानलेवा कैंसर रोग का फैलाव सामने हैं। आज पंजाब और उससे लगते हिस्सों मं कैंसर आम होता जा रहा है।

दरअसल औद्योगिक क्रांति की शुरुआत के साथ ही दुनिया के देशों में रासायनिक उर्वरकों का उपयोग तेजी से बढ़ा है। खाद्यान्न संकट से निपटने और यों कहें कि कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए रासायनिक उर्वरक बेहतर विकल्प के रुप में सामने आये। इसमें भी कोई दो राय नहीं कि कृषि उत्पादन बढ़ने के कारण ही आज दुनिया के देश खाद्यान्न संकट से मुकाबला करने की स्थिति में आ सके हैं। हांलाकि अब लगभग सभी देशों व विशेषज्ञों द्वारा रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के उपयोग को शनैः शनैः कम करने पर जोर दे रहे हैं। परंपरागत और जैविक खेती पर बल दिया जा रहा है। भारत में भी जैविक खेती पर बल दिया जा रहा है और 20 राज्यों में जैविक नीति लागू करने की पहल की है। खासतौर से उत्तर पूर्वी राज्यों को तो शतप्रतिशत जैविक खेती वाले प्रदेश बनाया जा रहा है। दुनिया के देषों में जहां भूटान जैविक खेती प्रदान देश है वहीं दुनिया में हमारा सिक्किम जैविक खेती के मामलें में अव्वल नंबर पर है। यह भी साफ होता जा रहा है कि जैविक और परंपरागत खेती की और बढ़ना ही होगा पर इसमें कोई दो राय नहीं कि यह सब एक दिन में नहीं हो सकता इसके लिए चरणवद्ध प्रयास करने होंगे।

रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग के दुष्परिणामों से बचने के लिए दोहरी और दूरगामी नीति बनाकर आगे बढ़ना होगा। एक और जहां योजनावद्ध तरीके से रासायनिक उर्वरकों के उपयोग को आवश्यकता के अनुसार ही प्रयोग के लिए किसानों को प्रेरित करना होगा वहीं दूसरी और ओरगनिक व परंपरागत खेती को प्रोत्साहित करना होगा। इसके लिए आवश्यक हो तो बजटरी प्रोविजन अधिक करना पड़े तो सरकार को इसे दीर्घावधि निवेश मानकर ही किसी तरह का संकोच नहीं करना होगा। इसके लिए सरकारी और गैरसरकारी संस्थाओं को भी अवेयरनेस प्रोगा्रम चलाने होंगे। इसमें कोई दो राय नहीं कि बढ़ती आबादी और देश में खाद्यान्नों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए सरकार को पूरी तरह से उर्वरकों के उपयोग को नकारने की गलती नहीं करनी होगी। बांग्लादेश की पिछले दिनों की गलती से भी सबक लेना होगा। कहने का अर्थ है कि एक और चरणवद्ध तरीके से रासायनिक उर्वरकों का संतुलित उपयोग बढ़ाना होगा वहीं वैकल्पिक उपायों पर गंभीरता से काम करना होगा।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## व्यंग्य

# चार का फेर




सुनील कुमार महला
व्यंग्यकार


जब कोई व्यक्ति किसी कार्य में लगभग सफल होते हुए भी अंतिम समय में असफल हो जाना तो कहते हैं कि वह 'निन्यानवे के फेर' में फंस गया। मतलब यह कि 'निन्यानवे का फेर' बहुत नजदीक पहुंचकर भी अपने लक्ष्य को न प्राप्त कर पाने की स्थिति को दर्शाता है। खैर, जो है सो है। लेकिन आजकल लोग 'निन्यानवे के फेर' में नहीं पड़ते। वो क्या है कि लोग आजकल सीधे 'चार सौ' के फेर में हैं।कभी अफ्रीकी व वेस्ट इंडीज के बल्लेबाज भी चार सौ के फेर में उलझे थे। वैसे शेयर बाजार का संवेदी सूचकांक भी जब यकायक चार सौ अंक तक बढ़ता है तो अलग ही बात होती है। वैसे इस चार सौ के फेर से राजनीति व राजनेता भी नहीं बच पाए हैं। चुनावी समय जो है। अबकी बार 'चार सौ पार'। निन्यानवे को लोग भूल गए और 'चार सौ' के फेर में फंस गए। सत्ताधारी 'चार सौ' के फेर में उलझे हैं। अब चार सौ को राजनीति में कोई चुनावी जुमला बताता है तो कोई अपना टारगेट। वैसे इस चार की चिन्ता पक्ष और विपक्ष दोनों को ही है। खैर, हमें क्या लेना देना राजनीति और राजनीतिज्ञों से। वैसे न, चार का अंक है बड़ा खतरनाक। खतरनाक इसलिए क्योंकि ज्योतिष में ये नवग्रहों में राहु से जुड़ा हुआ अंक माना जाता है। इतना ही नहीं चार का अंक नेतृत्व कौशल वाले ऊर्जावान, जानकार, चतुर और आत्मविश्वासी व्यक्तियों को भी इंगित करता है। किसी फोर व्हीलर में भी हालांकि छह टायर होने पर भी वह फोर व्हीलर ही माना जाता है। इसलिए चार का अंक बड़ा करामाती और रहस्यमय ही है। चार की बात करें तो चार पर एक मुहावरा भी काफी फेमस है - 'चार दिन की चांदनी और फेर अंधेरी रात।' इस मुहावरे को सुनकर सुनकर कभी कभी हमें डर लगने लगता है कि लोग चार या चार सौ के चक्कर में आखिर फंसे क्यों हैं ? कहते हैं कि विनायक चतुर्थी के दिन चंद्रमा नहीं देखना चाहिए। ऐसा करना अपशकुन माना जाता है। एक बात बताऊं यदि कोई पैदल यात्री कहीं पर जा रहा होता है और अपनी मंजिल के नजदीक जाकर जब वह किसी से रास्ता पूछता है तो अक्सर यही कहा जाता है कि बस चार कदमों पर ही आपकी मंजिल है। भले ही वह मंजिल चार किलोमीटर ही दूर क्यों न हो। दरअसल, चार शब्द आदमी को ढ़ाढस भी बंधाता है। बहरहाल, आपको याद होगा महान कवि चंद्रबरदाई ने पृथ्वीराज चौहान को 'चार बांस चौबीस गज, अंगुल अष्ट प्रमाण, ता ऊपर सुल्तान है मत चुके चौहान' पंक्तियां कहीं थी। इसलिए हमें तो चार और चार सौ से हमेशा से डर लगता है। लेकिन हम भी इस जमाने के साथ ही चलना चाहते हैं, क्यों कि जो व्यक्ति जमाने के साथ नहीं चलता वह जमाने में पिछड़ जाता है। हमारे चार काव्य संग्रह हैं और चार कहानी संग्रह। अब हम चाहते हैं कि हम भी चार सौ व्यंग्य लिखने का जुमला तो कम से कम छोड़ ही दें। हम भी गला फाड़ फाड़ कर चार चार चिल्लायेंगे तो क्या पता हम भी चार सौ व्यंग्य की एक किताब छाप पाए। कहते हैं कि बोलने वाले के ही बेर बिकते हैं। इसलिए आज से हम भी चार चार चिल्लायेंगे। वैसे आपका भी मन हमारे इस व्यंग्य पर चार गालियां बकने को है तो इसका हमें कतई बुरा नहीं लगेगा। अजी! जमाना जो 'चार' का है। तो आप भी हमारे इस व्यंग्य को पढ़कर अपने माथे पर चार बार त्योरियां चढ़ा लेना और हमारे इस व्यंग्य पर चार बातें कर लेना जी। जय राम जी की।

## नॉलेज कॉर्नर: कैसे यह दुनियाभर में भारत की पहचान बनी?

# क्या है असम की चाय का सीक्रेट

असम का नाम लेते ही दो चीजें याद आती हैं। पहली चाय और दूसरी, एक सींग वाले गैंडों के लिए मशहूर काजीरंगा नेशनल पार्क। असम की चाय का दायरा सिर्फ भारत तक सीमित नहीं है। यह दुनियाभर में फेमस है। यह राज्य हर साल 70 करोड़ किलो चाय का उत्पादन करता है। भारत में जितना भी चाय का उत्पादन होता है, उसमें लगभग 50 फीसदी हिस्सेदारी असम की है। दुनियाभर में चाय के उत्पादन को देखें तो इसकी 23 फीसदी पैदावार भारत में होती है। इस तरह असम का अपना अलग महत्व है और उसकी चाय का भी। असम की चाय ने यूं ही नहीं दुनियाभर में अपनी जगह बनाई। इसके पीछे भी खास वजह रही हैं।

### चाय बनी स्टेट ड्रिंक

घाटियों और पहाड़ियों से होकर गुजरने वाली ब्रह्मपुत्र नदी के किनारे पर उगाई जाने वाली असम की चाय अपने खास स्वाद के मशहूर है। इसका यह स्वाद यूं नहीं है। चाय के इस स्वाद के लिए तीन चीजें जिम्मेदार हैं। पहली यहां की दोमट मिट्टी। दूसरी खास तरह की जलवायु और तीसरी बारिश। ये तीनों चीजें असम की चाय को वो फ्लेवर देती हैं जो कहीं और की चाय में नहीं मिलता। इनके कारण ही असम चाय की पैदावार वाला दुनिया के सबसे बड़े इलाकों में से एक है। यहां की दो चाय सबसे ज्यादा पसंद की जाती हैं। पहली



ऑर्थोडॉक्स और दूसरी सीटीसी (क्रश, टियर, कर्ल)। असम की ऑर्थोडॉक्स चाय को यहां जीआई टैग मिला हुआ है, जो राज्य की पहचान बन गई है।असम की चाय की खासियत भी है कि इसमें दूसरी चाय के मुकाबले सबसे ज्यादा कैफीन पाया जाता है। यह खूबी इसे अलग बनाती है। 235 एमएल चाय में 80 एमजी कैफीन होती है। देश और दुनियाभर में इसकी मांग और पसंद को देखते हुए यह चाय असम की पहचान बनी। 2012 में अहम कदम उठाते हुए राज्य सरकार ने इसे स्टेट ड्रिंक घोषित किया।

### 170 साल पुराना इतिहास

असम की चाय का इतिहास 170 से भी अधिका पुराना हैं। इसकी शुरुआत 1823 में हुई, जब स्कॉटलैंड के यात्री रॉबर्ट ब्रूस व्यापार के एक मिशन पर भारत पहुंचे। ब्रह्मपुत्र की घाटी के जंगलों में उन्होंने चाय पा पौधा खोजा। 1833 में इसके व्यापार से जोड़ने के लिए तैयारी शुरू हुई। ब्रिटिश सरकार ने असम के लखीमपुर में एक चाय का बागान विकसित किया। चार्ल्स ब्रूस ने इसे एक मौके के तौर पर देखा।

### यहां पी जाती थी हर्बल चाय

*चार्ल्स ने चीनी मजदूरों की मदद से चाय की खेती शुरू की। इसे एक्सपोर्ट किया जाने लगा। चाय की खोज से पहले असम के सिंगपो समुदाय के बीच हर्बल चाय चर्चित थी। 1841 में पहली बार भारत में चाय की बोली लगाई गई। ये चाय इन्हीं सिंगपो समुदाय द्वारा तैयार की गई थी।*

*कंटेंट: कुलदीप सिंह जादौन*

X



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
पहले फटे तिरपाल में रामलला के दर्शन ले आते थे आंसुओं की धार, आज राम जन्मभूमि मंदिर में सजा भव्य राम दरबार।
सदियों के संकल्प को मिली सिद्धि...
विरासत का विकास, मोदी की गारंटी।



**राहुल गांधी,** कांग्रेस नेता
@RahulGandhi
गिने नहीं जाओगे, तो सुने नहीं जाओगे!
इसलिए 'बहुत हुई विनती, अब INDIA करेगा गिनती'। #GintiKaro

भाजपा सांसद हेगड़े के संविधान संशोधन से संबंधित बयान पर सियासी घमासान

# हेगड़े का बयान प्रधानमंत्री मोदी व RSS के छिपे इरादों का ऐलान: कांग्रेस

एजेंसी | कारवार (कर्नाटक)

भाजपा सांसद अनंत कुमार हेगड़े ने एक जनसभा का संबोधित करते हुए कहा कि संविधाम में संशोधन करने और कांग्रेस द्वारा की गई विकृतियों और अनावश्यक प्रावधानों को सही करने के लिए भाजपा को संसद के दोनों सदनों में दो तिहाई बहुमत की जरूरत है। हेगड़े के इस बयान से सियासी घमासान शुरू हो गया।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा सांसद का बयान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के छिपे हुए इरादों का ऐलान है।

राहुल के अलावा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि सार्वजनिक रूप से भाजपा सांसद के ऐसे बयान



से तानाशाही थोपने का मोदी-आरएसएस का कुटिल एजेंडा उजागर होता है।

खरगे ने कहा कि मोदी सरकार, भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गुप्त रूप से तानाशाही लागू



करना चाहते हैं। वे भारत के लोगों पर अपनी मनुवादी मानसिकता थोप कर अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लोगों के अधिकार छीनना चाहते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि आने वाले दिनों में चुनाव नहीं होंगे। दिखावे के लिए चुनाव कराकर संस्थानों की आजादी कम कर दी जाएगी। अभिव्यक्ति की आजादी पर बुलडोजर चलाया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी-आरएसएस मिलकर देश के धर्मनिरपेक्ष ताने-बाने के साथ-साथ विविधता में एकता को नष्ट कर देंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस संघ परिवार के गुप्त मकसदों को कभी सफल नहीं होने देगी।

### हेगड़े ने बताया क्यों जरूरी 400 सीटें

कर्नाटक से छह बार के लोकसभा सांसद हेगड़े ने कहा कि अगर संविधान में संशोधन करना है तो पार्टी को 20 से अधिक राज्यों में सत्ता में आना होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने संविधान को मूल रूप से विकृत किया है। खासकर ऐसे कानून जिनका उद्देश्य हिंदू समाज को दबाना है, अगर ये सब बदलना है तो हमारे पास इतना बहुमत नहीं है। हेगड़े ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनावों में एनडीए को 400 से अधिक सीटें जीतने से राज्यसभा में समान बहुमत जुटाने और दो-तिहाई राज्यों में सत्ता में आने में मदद मिलेगी। नागरिकता (संशोधन) अधिनियम का उदाहरण देते हुए अनंत कुमार हेगड़े ने कहा कि इसे लोकसभा में और बाद में राज्यसभा में पारित किया गया। लेकिन कई राज्य सरकारों ने इसे मंजूरी नहीं दी और इसलिए इसे लागू नहीं किया जा सका। अब सरकार इसे एक संशोधन के जरिए लागू करने की योजना बना रही है।

## भाजपा सांसद बृजेंद्र पार्टी छोड़ कांग्रेस में शामिल



**नई दिल्ली।** हरियाणा के हिसार से भाजपा सांसद बृजेंद्र सिंह ने रविवार को पार्टी की सदस्यता को त्यागते हुए कांग्रेस के साथ हाथ मिला लिया है। सिंह नई दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के घर पर कांग्रेस में शामिल हुए हैं। सिंह ने आगामी लोकसभा चुनावों की घोषणा से कुछ दिन पहले पाला बदला है। बृजेंद्र सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता चौधरी बिरेंद्र सिंह के बेटे हैं। बृजेंद्र सिंह ने कहा, राजनीतिक और वैचारिक मतभेदों के कारण मैंने भाजपा से इस्तीफा दे दिया है और कांग्रेस में शामिल हो गया हूं। किसानों के मुद्दों से लेकर अग्निवीरों और पहलवानों के विरोध तक कई बातों पर मेरे मतभेद थे। मुझे कांग्रेस परिवार में शामिल होकर बहुत खुशी हो रही है। सिंह के कांग्रेस पार्टी में आधिकारिक तौर पर शामिल होने के दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता अजय माकन, मुकुल वासनिक और दीपक बाबरिया खरगे के आवास पर मौजूद थे। कांग्रेस सूत्रों ने संकेत दिया है कि बृजेंद्र सिंह आगामी लोकसभा चुनाव में हिसार से पार्टी के उम्मीदवार हो सकते हैं।

## लालू यादव का करीबी सुभाष यादव गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने लालू प्रसाद यादव के करीबी सुभाष यादव को गिरफ्तार कर लिया है। ईडी ने शनिवार को सुभाष यादव के 8 ठिकानों पर छापेमारी की थी। छापेमारी 14 घंटों तक चली। छापेमारी के दौरान सुभाष यादव के दानापुर स्थित आवास से 2 करोड़ रुपए नकद के अलावा संपत्ति से जुड़े दस्तावेज भी मिले हैं। ईडी ने फिलहाल इन सभी दस्तावेजों को जब्त कर लिया है। सुभाष यादव पर पटना में रेत के अवैध खनन को लेकर मामला दर्ज है।

दीदी का खेला: पश्चिम बंगाल की सभी सीटों पर प्रत्याशी किए घोषित

# एकला चलो की राह पर ममता कांग्रेस से गठबंधन दरकिनार

एजेंसी | कोलकाता

तृणमूल कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए रविवार को पश्चिम बंगाल की सभी 42 सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा कर दी। मुख्यमंत्री ममता दीदी बनर्जी के इस दांव के बाद पश्चिम बंगाल में कांग्रेस-टीएमसी के संभावित गठबंधन पर सवालिया निशान लग गया है। हालांकि टीएमसी की घोषणा के फौरन बाद कांग्रेस ने कहा कि नामांकन पत्र वापस लेने के समय तक गठबंधन के लिए उसके द्वार खुले हैं।


पार्टी ने कहा कि किसी भी समझौते को बातचीत के माध्यम से अंतिम रूप दिया जाना चाहिए, न कि एकतरफा घोषणाओं से। टीएमसी की सूची में दो पूर्व क्रिकेटर यूसुफ पठान और कीर्ति आजाद के नाम भी शामिल हैं। यूसुफ को बहरामपुर और कीर्ति आजाद को बर्धमान दुर्गापुर सीट



से प्रत्याशी बनाया गया है। पार्टी ने कैश फॉर वोट में लोकसभा से निष्कासित हुई महुआ मोइत्रा को एक बार फिर कृष्णानगर से टिकट दिया है। ममता ने अपने भतीजे अभिषेक बनर्जी को भी चुनावी मैदान में उतार कर संभवतः यह संदेश दे दिया है कि पार्टी की कमान आने वाले समय में अभिषेक संभाल सकते हैं। कोलकाता में आयोजित रैली के मंच से ममता बनर्जी की मौजूदगी में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की।

### अधीर के गढ़ में पठान की ललकार

बहरामपुर सीट प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष और लंबे समय तक सांसद रहे अधीर रंजन चौधरी का गढ़ है। ऐसे में अधीर इस सीट से चुनाव मैदान में उतरते हैं तो उनको बोल्ड करने के लिए पठान चुनावी मैदान में होंगे। कांग्रेस ने अभी तक पश्चिम बंगाल के प्रत्याशियों के नामों की घोषणा नहीं की है। ज्यादातर राजनीतिक क्षेत्रों का मानना है कि अधीर इस बार भी बहरामपुर सीट से चुनाव लड़ सकते हैं। यूसुफ पठान 2007 में टी20 विश्व कप और 2011 में वनडे विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रहे हैं, जबकि कीर्ति आजाद 1983 विश्व कप जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे थे।



### बर्धमान में बढ़ेगी कीर्ति की कीर्ति!

इसके अलावा 1983 विश्व कप की विजेता भारतीय टीम के सदस्य रहे कीर्ति झा आजाद बर्धमान दुर्गापुर से चुनाव लड़ेंगे। दुर्गापुर संसदीय सीट में बिहार के वोटर्स की अच्छी-खासी संख्या है। इसलिए ममता के इस दांव से भाजपा की परेशानी बढ़ सकती है। कीर्ति आजाद ने 2014 के आम चुनाव में भाजपा से चुनाव लड़ा था और बिहार के दरभंगा सीट से सांसद चुने गए थे। 23 दिसंबर 2015 को उन्हें पार्टी ने निलंबित किया था। वह फरवरी 2019 में कीर्ति आजाद कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गए थे। नवंबर, 2021 में कीर्ति आजाद तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए थे और कहा था कि राजनीति से संन्यास तक वह इसी पार्टी के लिए काम करते रहेंगे।

### नुसरत जहां का कटा टिकट



तृणमूल कांग्रेस ने इस बार पार्टी ने कुछ मौजूदा सांसदों को उम्मीदवार नहीं बनाया है। इसमें नुसरत जहां का नाम प्रमुख है। पार्टी ने बसीरहाट सीट से मौजूदा सांसद नुसरत जहां की जगह अपने पूर्व सांसद हाजी नुरुल इस्लाम को मैदान में उतारा है। इस बार सबकी निगाहें बशीरहाट लोकसभा सीट पर थीं क्योंकि जिस संदेशखाली इलाके में हंगामा मचा हुआ था, वो इलाका इसी लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है। सूत्रों के अनुसार उत्तर 24 परगना जिले में तृणमूल कांग्रेस के भीतर भी एक वर्ग ने नुसरत जहां की उम्मीदवारी पर आपत्ति जताई थी। नुसरत जहां पर आरोप था कि वो पाम एवेन्यू संस्था से जुड़ी थीं। उस संस्था पर कई वरिष्ठ नागरिकों को ठगने का आरोप है।

### मिमी चक्रवर्ती भी चुनाव से बाहर



पार्टी ने नुसरत जहां के अलावा जादवपुर सीट से अभिनेत्री मिमी चक्रवर्ती का टिकट काटकर भी सबको हैरान कर दिया है।

### कांग्रेस ने अभी भी नहीं छोड़ी समझौते की उम्मीद

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने भी कहा कि कांग्रेस कई बार पश्चिम बंगाल में टीएमसी के साथ सीटों के बंटवारे को लेकर सम्मानजनक समझौता करने की इच्छा व्यक्त कर चुकी है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि कांग्रेस ने हमेशा कहा है कि इस तरह के समझौते को बातचीत के माध्यम से अंतिम रूप दिया जाना चाहिए, न कि एकतरफा घोषणाओं से। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस हमेशा से चाहती है कि 'इंडिया' गठबंधन मिलकर भाजपा से मुकाबला करे।



### आसनसोल से शत्रुघ्न सिन्हा, डायमंड हार्बर से अभिषेक बनर्जी प्रत्याशी





आसनसोल सीट से ममता ने एक बार फिर बिहारी बाबू शत्रुघ्न सिन्हा पर भरोसा जताया है। भाजपा ने यहां से भोजपुरी गायक पवन सिंह को प्रत्याशी बनाया था लेकिन पवन सिंह यहां से चुनावी रण में उतरने से मना कर दिया है। डायमंड हार्बर सीट से ममता बनर्जी ने अपने भतीजे अभिषेक बनर्जी को रण में उतारा है।

### कांग्रेस को की थी दो सीटों की पेशकश

टीएमसी ने दावा किया है कि वह कांग्रेस को दो से अधिक सीट नहीं दे सकती। पश्चिम बंगाल से कांग्रेस के दो सांसद हैं। टीएमसी विपक्षी गठबंधन का हिस्सा है। पार्टी ने कहा है कि विपक्षी दल 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को हराने के लिए एकजुट हैं।

## हम एनआरसी लागू नहीं होने देंगे

एजेंसी | कोलकाता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को ब्रिगेड परेड ग्राउंड में आयोजित पार्टी की 'जन गर्जन सभा' रैली से तृणमूल कांग्रेस के चुनाव अभियान की शुरुआत की। दोनों नेताओं ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हम एनआरसी लागू नहीं होने देंगे। ममता बनर्जी ने कहा, मैं आज बंगाल के 42 लोकसभा सीटों के लिए तृणमूल के 42 उम्मीदवारों को सामने लेकर आऊंगी।' उन्होंने कलकत्ता हाईकोर्ट के पूर्व जज अभिजीत गंगोपाध्याय पर निशाना साधते हुए कहा, मैं न्यायपालिका का सम्मान करती हूं, लेकिन कुछ जजों ने भाजपा एजेंट के तौर पर काम किया। उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस उत्तर प्रदेश में लोकसभा की एक सीट से चुनाव लड़ने के लिए सपा के अखिलेश यादव से बातचीत कर रही है।

इस बीच, भाजपा ने तृणमूल कांग्रेस की रैली का उपहास उड़ाते हुए इसे पार्टी की विदाई रैली करार दिया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी ने तृणमूल नेताओं को गुंडा तथा भ्रष्ट बताया।

पीएम ने दी 34, 700 करोड़ की सौगात

# जो कहते हैं हम, करके दिखाते हैं...मोदी दूसरी मिट्टी का इंसान



एजेंसी | आजमगढ़

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि विपक्षियों पर तंज कसते हुए कहा कि 2024 में भी किए जा रहे शिलान्यासों को भी कोई चुनाव के चश्मे से न देखे। ये विकास के लिए मेरी अनंत यात्रा का परिणाम है। मैं 2047 तक, देश को विकसित भारत बनाने के लिए तेज गति से दौड़ रहा हूं और देश को तेज गति से दौड़ा रहा हूं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को आजमगढ़ जिले के मंदूरी हवाई अड्डा परिसर में 34, 700 करोड़ रुपए की 782 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के बाद लोगों को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि पहले की सरकारें सिर्फ घोषणएं करती थीं, लेकिन हम जो कहते हैं, वो करके दिखाते हैं। पिछली सरकारों में नेता लोगों को धोखा देने के लिए घोषणाएं करते थे। चुनाव से पहले एक पत्थर लगाते थे और उसके बाद गायब हो जाते थे,लेकिन आज देश देख सकता है कि मोदी दूसरी मिट्टी का इंसान है। पीएम मोदी ने कहा,बीते वर्षों में डबल इंजन की सरकार ने लाखों करोड़ रुपए के विकास कार्य कराए हैं।

### विपक्षी गठबंधन पर सियासी हमला

इंडी गठबंधन पर हमला करते हुए पीएम मोदी ने कहा, आपका ये प्यार और आजमगढ़ का ये विकास... जातिवाद, परिवारवाद और वोटबैंक के भरोसे बैठे इंडी गठबंधन की नींद उड़ा रहा है। पूर्वांचल ने दशकों तक जातिवाद और तुष्टीकरण की राजनीति देखी है

### पूजा -अर्चना



*वाराणसी। वाराणसी में काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजा -अर्चना करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।*

एमवीए में उत्तर पश्चिम मुंबई सीट को लेकर रार

# उद्धव की घोषणा पर भड़के निरुपम, बताया-बची खुची शिवसेना का प्रमुख

एजेंसी | नई दिल्ली

महाराष्ट्र में महा विकास अघाड़ी संगठन में सीटों के बंटवारे पर सहमति की खबरों के बीच मुंबई की उत्तर पश्चिम लोकसभा क्षेत्र को लेकर कांग्रेस व उद्धव ठाकरे नीत शिवसेना के बीच सियासी घमासान शुरू हो गया है। दरअसल शिवसेना(यूबीटी)प्रमुख उद्धव ठाकरे ने उत्तर पश्चिम मुंबई सीट से पार्टी प्रत्याशी के रूप में अमोल कीर्तिकर के नाम की घोषणा कर दी।

इस पर कांग्रेस नेता संजय निरुपम आक्रोशित हो गए। उन्होंने समय से पहले उम्मीदवार की घोषणा करने पर उद्धव ठाकरे की





आलोचना की और सवाल किया कि शिवसेना यूबीटी ने जो किया है, वह क्या गठबंधन धर्म का उल्लंघन नहीं है। इसके साथ ही उन्होंने उद्धव ठाकरे पर निशाना साधते हुए कहा, बची खुची शिव सेना प्रमुख।

ज्ञात रहे कि आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर महा विकास अघाड़ी में सीटों के बंटवारे को लेकर बातचीत निर्णायक दौर में चल रही है और मीडिया रिपोर्टों में कहा जा रहा था कि कौन से पार्टी कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेगी इस पर लगभग सहमति बन गई है। महाविकास अघाड़ी में शिव सेना,राकांपा (शरद पवार गुट) और कांग्रेस का शामिल हैं।

### संजय निरुपम का उद्धव पर पलटवार

मुंबई उत्तर-पश्चिम सीट से संजय निरुपम स्वयं चुनाव लड़ना चाहते हैं। लेकिन यह सीट विवाद का विषय बनी हुई है क्योंकि गठबंधन के भीतर कोई आधिकारिक निर्णय नहीं लिया गया है। निरुपम ने सोशल मीडिया पर अपनी चिंता व्यक्त करते हुए लिखा, शनिवार शाम बची-खुची शिवसेना के प्रमुख ने अंधरी में उत्तर पश्चिम लोकसभा क्षेत्र में एमवीए का उम्मीदवार घोषित कर दिया। रात से ही फोन आ रहे हैं। ऐसा कैसे हो सकता है? एमवीए की दो दर्जन मीटिंग होने के बादवजूद अभी तक सीट शेयरिंग पर अंतिम निर्णय नहीं हुआ है। जो 8-9 सीटें पेंडिंग हैं, उनमें ये सीट भी है। ऐसा कांग्रेस के उन साथियों ने मुझे बताया जो सीट शेयरिंग की बैठकों में हिस्सा ले रहे हैं।

### निरुपम ने अमोल पर लगाया रिश्वत लेने का आरोप

निरुपम ने अमोल कीर्तिकर पर भी निशाना साधा और प्रवासी मजदूरों को मुफ्त भोजन उपलब्ध कराने के लिए बीएमसी द्वारा शुरू किए गए सीओवीआईडी-युग कार्यक्रम के दौरान रिश्वत लेने का आरोप लगाया है। निरुपम के अनुसार, कीर्तिकर ने गरीबों को समर्थन देने वाली योजना से कमीशन लिया है और प्रवर्तन निदेशायल वर्तमान में मामले की जांच कर रहा है। ज्ञात रहे कि अमोल कीर्तिकर के पिता गजानन कीर्तिकर इसी निर्वाचन क्षेत्र से मौजूदा सांसद हैं और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले प्रतिद्वंद्वी शिवसेना गुट से जुड़े हैं। निरुपम ने सवाल किया कि क्या कांग्रेस और शिवसेना के कार्यकर्ता स्वेच्छा से किसी घोटाले में फंसे उम्मीदवार के लिए प्रचार करेंगे।

### सीटों के बंटवारे पर महायुति की बैठक आज , अंतिम फैसला संभव

दूसरी ओर महाराष्ट्र में सत्ताधारी महायुति यानी राजग के घटक दलों के बीच सीटों के बंटवारे पर दो दिनों में अंतिम मुहर लग सकती है। राज्य में सीटों के बंटवारे का जो फॉर्मूला तय हुआ है, उसके अनुसार भाजपा 34, शिवसेना 10 और अजित पवार की अगुवाई वाली राकांपा 4 सीटों पर चुनाव लड़ सकती है, लेकिन अंतिम दौर की बातचीत में शिंदे और अजित पवार के खाते में एक-दो सीटों और आ सकती हैं। महायुति के घटक दलों के बीच अंतिम बैठक 11 मार्च को होने की संभावना है। ज्ञात रहे कि दिल्ली में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा और गृह मंत्री अमित शाह के साथ बैठक में तय हुआ था कि जीतने की स्थिति रखने वाले दल को चुनाव लड़ने का मौका दिया जाएगा। सूत्रों के अनुसार शिंदे को 10-12 सीटें मिल सकती हैं, जबकि अजित पवार की एनसीपी 4-6 सीटों तक पहुंच सकती है और बाकी 34-36 सीटों पर भाजपा लड़ेगी।

## जरूरी खबर

### इलेक्टोरल बॉन्ड मामले में आज होगी सुनवाई



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की उस अर्जी पर सोमवार को सुनवाई करेगा जिसमें पिछले महीने योजना समाप्त होने से पहले राजनीतिक दलों द्वारा भुनाए गए प्रत्येक इलेक्टोरल बॉन्ड के विवरण का खुलासा करने के लिए 30 जून तक की मोहलत मांगी गई है। प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ एक अलग याचिका पर भी सुनवाई करेगी, जिसमें एसबीआई के खिलाफ अवमानना कार्यवाही शुरू करने का अनुरोध किया गया है। एसबीआई ने बॉन्ड के जरिए राजनीतिक दलों को मिले चंदे का विवरण निर्वाचन आयोग को छह मार्च तक सौंपे जाने संबंधी शीर्ष अदालत के निर्देश की अवज्ञा की।

### म्यांमार के 77 नागरिक किए जाएंगे निर्वासित

**इम्फाल।** मणिपुर सरकार सोमवार तक 55 महिलाओं और पांच बच्चों सहित म्यांमार के 77 नागरिकों को निर्वासित करेगी। म्यांमार की सेना के अपने देश में एक फरवरी, 2021 को तख्तापलट करने के बाद वहां के कई नागरिक भागकर मणिपुर आ गए हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को बताया कि सात म्यांमारियों के पहले बैच को 8 मार्च को मणिपुर के तेंगनौपाल जिले के मोरे सीमा शहर से निर्वासित किया गया था।

### रोहतक सुनारिया जेल वापस पहुंचा राम रहीम



**चंडीगढ़।** दुष्कर्म और हत्या के मामले में सजा काट रहे सिरसा डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम की 50 दिन की पैरोल रविवार को खत्म हो गई। वह फिर हरियाणा के रोहतक की सुनारिया जेल पहुंच गया है। इससे पहले राम रहीम को बार-बार पैरोल मिलने के बाद पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट ने मनोहर लाल खट्टर सरकार को जमकर फटकार लगाई थी। दो टूक शब्दों में हरियाणा सरकार से पूछा था कि बार-बार राम रहीम को ही पैरोल दी जा रही है। अब पहले अनुमति लेनी होगी। जेल के आसपास सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। 19 जनवरी को राम रहीम को 50 दिन की पैरोल मिली थी। बागपत के बरनावा आश्रम में अपना पैरोल का वक्त बिताया था।

## भारत-अमेरिका तटरक्षक बलों ने किया अभ्यास





**पोर्ट ब्लेयर।** भारत और अमेरिका के तटरक्षक बलों के बीच पोर्ट ब्लेयर तट पर समुद्री युद्धाभ्यास 'सी डिफेंडर्स-2024' 9 व 10 मार्च को हुआ। यह दोनों देशों के बीच गहरे रणनीतिक संबंधों का प्रतीक माना जा रहा है।

### जंगल की आग पर काबू पाएगी NDRF की टीम



**नई दिल्ली।** जंगल की आग बुझाने के लिए एनडीआरएफ की 150 कर्मियों की पहली टुकड़ी तैनात की गई है। राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) महानिदेशक अतुल करवाल ने गृह मंत्रालय से शामिल कर्मियों को और अधिक कुशल बनाने के लिए विदेशों में प्रशिक्षण की अनुमति मांगी है। 50-50 लोगों की टीमों को गुवाहाटी स्थित पहली बटालियन, विजयवाड़ा स्थित 10वीं बटालियन और उत्तराखंड में बटालियन संख्या 15 के साथ तैनात किया गया है। चौथी टीम प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। यह आरक्षित इकाई होगी। एक संसदीय पैनल ने 2022 में इस बात पर चिंता व्यक्त की थी कि जंगल की आग आधिकारिक तौर पर विशेष राष्ट्रीय बल द्वारा निपटने वाली आपदाओं का हिस्सा नहीं है।

## भारत का चार यूरोपीय देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौता

# 15 साल में आएगा 100 अरब डॉलर का निवेश, बढ़ेगा निर्यात

एजेंसी | नई दिल्ली




भारत ने लोक सभा चुनाव से ठीक पहले चार सदस्यीय यूरोपीय मुक्त व्यापार संध (ईफटीए) के साथ रविवार को एक व्यापार और आर्थिक भागीदारी समझौते(टेपा) पर हस्ताक्षर किए। कृषि, डेयरी, सोया व कोयला सेक्टर को इस व्यापार समझौते से दूर रखा गया। एफ्टा में यूरोप के चार विकसित देश स्विट्जरलैंड, नॉर्वे, आइसलैंड व लाइकेटेनस्टीन शामिल हैं। वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल व इन चारों देशों के समकक्ष मंत्रियों ने समझौते पर हस्ताक्षर किए।

समझौते के तहत एफ्टा अगले 15 साल में भारत में अनिवार्य रूप से 100 अरब डॉलर का निवेश करेगा जिससे 10 लाख प्रत्यक्ष नौकरियां निकलेंगी। पहले 10 सालों में 50 अरब डॉलर तो बाद के पांच सालों में 50 अरब डॉलर का निवेश किया जाएगा। समझौते से फार्मा, टेक्सटाइल जैसे सेक्टर के साथ सर्विस सेक्टर में भी इन चार देशों के बाजार में भारत की पहुंच आसान हो जाएगी। इन चारों यूरोपीय देशों से होने वाले भारत के कुल व्यापार में स्विट्जरलैंड की हिस्सेदारी 90 प्रतिशत से अधिक है। बाकी की हिस्सेदारी में अन्य तीनों देश शामिल है। पिछले 16 साल से एफ्टा के साथ व्यापार समझौते को लेकर वार्ता चल रही थी। गोयल ने इसे देश का पहला आधुनिक मुक्त व्यापार समझौता करार दिया है।

### भारत वस्तुओं के लिए आयात शुल्क कम करेगा

समझौते के तहत भारत भी इन देशों की विभिन्न वस्तुओं के लिए अपने आयात शुल्क को कम करेगा ताकि उनकी वस्तुएं भी हमारे बाजार में आ सकें। लेकिन कृषि, डेयरी, सोया व कोयला सेक्टर को इस व्यापार समझौते से दूर रखा गया। प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) स्कीम से जुड़े सेक्टर के लिए भी भारतीय बाजार को नहीं खोला गया है।

### टेपा को लागू होने में अभी लग सकता है कुछ माह का समय

एफ्टा के साथ हुए टेपा को लागू होने में अभी कुछ माह लग सकते हैं क्योंकि यूरोप के इन चार देशों को अपनी संसद से समझौते को मंजूर करवाना होगा। इस मौके पर गोयल ने बताया कि ग्रीन व विंड एनर्जी, फार्मा, फूड प्रोसेसिंग, केमिकल्स के साथ उच्च गुणवत्ता वाली मशीनरी के क्षेत्र में एफ्टा देश भारत में निवेश करेंगे जिससे इन सेक्टर में हमारा आयात भी कम होगा और भारतीय उत्पादों की गुणवत्ता बढ़ाने में मदद मिलेगी।

## जल्द होनी है लोस चुनाव की घोषणा

# दो नए चुनाव आयुक्त की नियुक्ति 15 से पहले संभव

एजेंसी | नई दिल्ली




चुनाव आयुक्त अनूप चंद्र पांडे की सेवानिवृत्ति और अरुण गोयल के अचानक इस्तीफे से बनी रिक्तियों को भरने के लिए 15 मार्च तक दो चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति होने की संभावना है। सूत्रों ने रविवार को बताया कि चयन समिति सदस्यों की सुविधा के आधार पर 13 या 14 मार्च को बैठक कर सकती है और नियुक्तियां 15 मार्च तक होने की संभावना है।

निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की संभावित घोषणा से कुछ दिन पहले ही गोयल ने शुक्रवार सुबह चुनाव आयुक्त के पद से इस्तीफा दे दिया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया और कानून मंत्रालय ने एक अधिसूचना जारी कर इसकी घोषणा की। इससे मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार चुनाव प्राधिकरण के एकमात्र सदस्य रह गएहैं। पांडे 14 फरवरी को सेवानिवृत्त हुए हैं।

### अरुण ने क्यों दिया इस्तीफा नहीं हुआ खुलासा

गोयल के इस्तीफे के पीछे के कारणों से जुड़े सवाल पर सूत्रों ने बताया कि हो सकता है कि उन्होंने व्यक्तिगत कारणों से इस्तीफा दिया हो। गोयल और कुमार के बीच मतभेद की अटकलों को खारिज करते हुए सूत्रों ने कहा कि आंतरिक संचार और निर्णयों के रिकॉर्ड से पता चलता है कि गोयल द्वारा कोई असहमति दर्ज नहीं की गई थी।

## संदेशखाली मामला

# शाहजहां शेख को चार दिन की सीबीआई हिरासत में भेजा

एजेंसी | कोलकाता

पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में स्थित संदेशखाली गांव में जमीन पर कब्जे और महिलाओं के यौन के मामले में आरोपी शाहजहां शेख को बशीरहाट अदालत में पेश किया गया, जहां उसे चार दिन की सीबीआई हिरासत में भेज दिया गया।

वहीं, सीबीआई के अधिकारी शेख शाहजहां को बशीरहाट की सब-डिविजनल कोर्ट में लेकर पहुंचे थे।इससे पहले, कोलकाता के



निजाम पैलेस में स्थित सीबीआई कार्यालय से शेख शाहजहां को अदालत में पेश करने के लिए बाहर लाया गया था। इस मामले में भाजपा सांसद दिलीप घोष लगातार आरोपी शाहजहां शेख और टीएमसी पर हमलावर हो रहे हैं।

उन्होंने कहा, 'राज्य सरकार और टीएमसी अभी भी शाहजहां को बचाने का प्रयास कर रही है। वे उसे सीबीआई से छिनने का प्रयास कर रहे हैं।

लेकिन अदालती कार्यवाही जारी रहेगी और जांच चल रही है। सब कुछ धीरे-धीरे सामने आ जाएगा।'

### तेरह अतिरिक्त न्यायाधीश पदोन्नत बने स्थाई जज

**नई दिल्ली।** 13 अतिरिक्त न्यायाधीशों को रविवार को स्थाई हाई कोर्ट न्यायाधीशों के रूप में पदोन्नत किया गया।

केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने पदोन्नति की जानकारी एक्स पोस्ट में दी। पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट के 10 अतिरिक्त न्यायाधीशों को स्थाई न्यायाधीश बनाया गया और आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट के दो न्यायाधीशों को भी पदोन्नत किया गया। एक न्यायाधीश को मध्य प्रदेश हाई कोर्ट का स्थायी न्यायाधीश बनाया गया। आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट न्यायाधीश का मूल हाई कोर्ट था।

## खानविलकर बने लोकपाल अध्यक्ष



***नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने रविवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश अजय माणिकराव खानविलकर को लोकपाल अध्यक्ष पद की शपथ दिलाई। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ भी मौजूद रहे। जस्टिस (सेवानिवृत्त) खानविलकर ने 13 मई 2016 से 29 जुलाई 2022 तक सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के रूप में काम किया।*

## सीएनएन की अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से एक रिपोर्ट में दावा

# पीएम मोदी के दखल ने पुतिन को एटमी हमले से रोका!

एजेंसी | नई दिल्ली/वाशिंगटन

वर्ष 2022 में यूक्रेन पर रूस के संभावि परमाणु हमले को टालने में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अहम भूमिका निभाई। अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से सीएनएन की एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि पीएम मोदी की व्लादिमीर पुतिन तक पहुंच और दूसरे देशों के हस्तक्षेप ने इस परमाणु आपदा को रोकने में अहम योगदान दिया। रिपोर्ट के मुताबिक, जो बाइडेन प्रशासन को चिंता थी कि यूक्रेन को झटका देने के लिए रूस परमाणु हथियारों का इस्तेमाल कर सकता है। अधिकारियों ने कहा कि इसे लेकर चीन के राष्ट्रपति शी





जिनपिंग और भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से संपर्क साधा गया। साथ ही इस मामले पर सार्वजनिक बयानों से भी संकट को टालने में मदद मिली।

अधिकारियों ने बताया, हमने इस संकट को टालने के लिए कई सारे कदम उठाए। इसे लेकर उन्हें सीधा मैसेज दिया गया। साथ ही प्रेस और दूसरे देशों से भी अपील की गई। खासतौर से उन देशों पर अधिक जोर दिया जिनकी बात को गंभीरता से लेते। बता दें कि भारत ने सीधे तौर पर यूक्रेन से युद्ध को लेकर रूस की कभी आलोचना नहीं की। मगर, पीएम मोदी ने रूसी राष्ट्रपति पुतिन से कहा था कि यह युद्ध का समय नहीं है। पीएम मोदी का यह भाषण काफी लोकप्रिय हुआ था। यहां तक कि फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने इसे संयुक्त राष्ट्र के मंच से दोहराया था और इसे लेकर मोदी की तारीफ की थी। इसके अलावा, जी-20 का घोषणापत्र जब जारी हुआ तो उसमें भी मोदी की इस खास पंक्ति को जगह मिली।

### खेरसॉन में यूक्रेनी सैनिकों की बढ़त से परेशान था रूस

रिपोर्ट के अनुसार, 2022 में अमेरिकी अधिकारी तब परेशान हो गए थे, जब उन्हें अंदेशा हुआ कि यूक्रेन में बढ़ती चुनौतियों के सामने रूस सामरिक परमाणु हथियार का उपयोग कर सकता है। चूंकि यूक्रेनी सेनाएं दक्षिण में रूस के कब्जे वाले खेरसॉन पर आगे बढ़ रही थीं। इससे रूस को चिंता हो गई कि अगर यूक्रेनी सैनिक आगे बढ़ते रहे तो खेरसॉन में उसकी सेना को घेरा जा सकता है और तबाह किया जा सकता है। अमेरिकी अधिकारियों का मानना था कि इतना भारी नुकसान क्रेमलिन को गैर-पारंपरिक/परमाणु साधनों का उपयोग करने के लिए प्रेरित कर सकता है।

### रूसी रक्षा पंक्तियां ध्वस्त होने की थी आशंका

सीएनएन ने एक वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी के हवाले से कहा, उस समय खेरसॉन में इस बात के संकेत बढ़ रहे थे कि रूसी रक्षा पंक्तियां ध्वस्त हो सकती हैं। हजारों रूसी सैनिक संभावित रूप से असुरक्षित थे। इस सिद्धांत के अलावा, बाइडन प्रशासन के पास विश्लेषण, कई संकेतकों और विकासों के आधार पर नई, संवेदनशील खुफिया जानकारी तक पहुंच थी, जो परमाणु हमले की संभावना की ओर इशारा करती थी।

## वायु सेना उप प्रमुख दीक्षित ने कहा...

# वायुसेना में 2032 तक हो जाएंगे 42 स्क्वॉड्रन

एजेंसी | नई दिल्ली

वायुसेना खुद को अपग्रेड करने के लिए आधुनिक तकनीक पर तेजी से अमल कर रही है। उम्मीद है कि आने वाले कुछ सालों में बिल्कुल नए रंग रूप और मारक क्षमता के साथ दुनिया के तमाम वायुसेनाओं के साथ कदम से कदम मिलाते हुए नजर आएगी।

उन्होंने कहा कि रडार के क्षेत्र में हम आत्मनिर्भर हो चुके हैं। वायुसेना थोड़ी बहुत चीजों को छोड़कर हर चीज में आत्मनिर्भर है। वायुसेना के उप प्रमुख एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने एक मीडिया हाउस के डिफेंस समिट में यह बात कही। उन्होंने कहा कि वायुसेना की क्षमता को बढ़ाने और आधुनिकीकरण पर तेजी से काम हो रहा है और आने वाले कुछ सालों में स्थिति बेहद बेहतर हो जाएगी। एयर मार्शल दीक्षित ने कहा कि वायुसेना में स्क्वाड्रन की संख्या थोड़ी कम है, हम इस दिशा में काम कर रहे हैं। कुछ को अपग्रेड किया है, फिर भी गिनती चाहिए, वह मायने रखता है।

हमने तेजस की खरीद का करार कर लिया है। कुछ और मंजूरी भी मिल चुकी हैं। हमने एचएएल से कहा है कि कम से कम 24 एलसीए एक साल में दीजिए। आज की तारीख में वे एक साल में 12 -13 तेजस दे सकते हैं।

### सुपर वुमन एंड सुपर हीरो अवॉर्ड्स -2024 में भाग्यश्री ने किया मोटिवेट

# 70 से अधिक कैटेगरीज में 130 बेस्ट अचीवर्स को मिले अवॉर्ड



**बेधड़क, जयपुर।** जब 'मैंने प्यार किया' फेम एक्ट्रेस भाग्यश्री ने गुलाबी नगरी के मंच पर अवॉर्ड दिए तो अवॉर्डी भावुक और रोमांचित नजर आए। नजारा था फॉरएवर स्टार इंडिया अवॉर्ड्स की ओर से व इंट्रालाइफ फार्मा, सत्या फर्नीचर और फॉरएवर लीव्स के सहयोग से वुमेंस डे सेलिब्रेशन थीम के साथ आयोजित अवॉर्ड सेरेमनी 'सुपर वुमन एंड सुपर हीरो अवॉर्ड्स -2024 सीजन-5' का। शो ऑर्गेनाइजर राजेश अग्रवाल, डायरेक्टर जया चौहान और शो डायरेक्टर दीप्ति ने बताया कि इस मौके पर भारत के हर कोने से जयपुर आए 130 बेस्ट अचीवर्स को एक्ट्रेस भाग्यश्री ने ट्रॉफी, मोमेंटो व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।










फोटो: पंकज शर्मा

### इन कैटेगरीज में दिए अवॉर्ड्स

देश के कोने-कोने से जयपुर आए 130 अवॉर्डीज को बिजनेस, फैशन, एजुकेशन, एस्ट्रोलॉजी, डॉक्टर, स्पोर्ट्स, मेडिकल, लाइफ स्टाइल, साइंस, नेचर, आर्ट एंड कल्चर, साहित्य, सोशल वर्कर जैसी 70 से अधिक कैटेगरीज में सम्मानित किया गया है। अवॉर्ड शो में जयपुर के अलावा मुंबई, दिल्ली, चेन्नई, अहमदाबाद, बेंगलुरु, इटानगर, हैदराबाद जैसे शहरों से लोगों ने पार्टिसिपेट किया। शो के दौरान वायलिन प्ले और कैलेंडर लॉन्च जैसी एक्टिविटीज देखने को मिली।

### सेलिब्रिटी ने दी मोटिवेशनल स्पीच

सेलेब्रिटी गेस्ट बॉलीवुड एक्ट्रेस भाग्यश्री ने मोटिवेशनल स्पीच से अवॉर्डीज की हौसला अफजाई की और उनके अच्छे भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान स्पेशल गेस्ट के तौर पर कर्नल प्रताप सिंह राठौड़ और मेजर विजी मौजूद रहे। आयोजकों ने बताया कि अवॉर्डीज को गूगल व यूट्यूब पर रैंकिंग दी जाती है। वहां उनका प्रोफाइल रहता है। अवॉर्ड लेते हुए अवॉर्डी की वीडियो क्लिप यूट्यूब एंड ओटीटी पर अपलोड किया, जो लाइफटाइम तक रहेगी और उनकी प्रोफाइल गूगल पर रैंक करेगी।

## जयपुर मॉडल्स करेंगी पार्टिसिपेट



**बेधड़क. जयपुर।** वीनस फिल्म एंड इवेंट्स व स्टार लाइट इवेंट्स एंड एंटरटेनमेंट की ओर से वीनस स्टार लाइट मिस एंड मिसेज इंडिया सीजन-3 बेंगलुरु में आयोजित किया जाएगा। जयपुर के जेजे कश्यप ने बताया कि पहला सीजन गोवा में आयोजित किया गया था और दूसरा इंदौर में हुआ और अब इसी श्रृंखला में तीसरा सीजन बेंगलुरु में आयोजित किया जाएगा। जहां 18 से 55 साल तक गर्ल्स व मैरिड वुमंस पार्टिसिपेट करेंगी, जिसमें जयपुर भी शामिल होगा। हाल ही में वीनस स्टारलाइट मिस और मिसेस साउथ इंडिया का आयोजन हैदराबाद में किया गया था।

## महायज्ञ में दीं आहुतियां

**बेधड़क. जयपुर।** वैशाली नगर स्थित अर्पित नगर बस्ती की बंजारा बस्ती में 9 कुंडीय गायत्री महायज्ञ आयोजित किया गया। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार की शाखा गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी और गायत्री शक्तिपीठ कालवाड़ के विद्वानों की टोली ने हवन कराया। मुख्य यजमान दीपक अग्रवाल ने सप्तनीक दीप प्रज्वलन कर मां गायत्री का पूजन किया। व्यास पीठ से महेंद्र कुमार और उमा शंकर खंडेलवाल ने वेद माता गायत्री, गुरु सत्ता और प्रमुख देवी देवताओं का आह्वान कराया। अग्नि प्रज्वलन कर गायत्री और महामृत्युंजय मंत्र से विश्व कल्याण की कामना के साथ आहुतियां अर्पित कराईं। लोगों ने नशा छोड़ने और बस्ती में सफाई अभियान चलाने का संकल्प लिया।

## जयपुर ने जीता हनुत सिंह कप




**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान पोलो क्लब में आशियाना नितारा राव राजा हनुत सिंह कप का फाइनल मैच खेला गया। टीम जयपुर ने टीम कृष्णा पोलो को 6-3 के स्कोर से पराजित कर कप अपने नाम किया। कमांडर संजीव रावत मुख्य अतिथि और तुषार पडालकर विशिष्ठ अतिथि रहे, जिन्होंने विजेता टीम को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। मैच में मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर का खिताब मयूरध्वज सिंह तलाबगांव को मिला। विजेता टीम की ओर से लांस वाटसन ने 4 गोल किए। राव हिम्मत सिंह बेदला और विक्रमादित्य सिंह बरकाना ने 1-1 गोल किया।

## RUHS दीक्षांत समारोह कल

**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय का नवां दीक्षांत समारोह 12 मार्च को राज्यपाल की अध्यक्षता में बीएम बिडला ऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा। कुल सचिव रवि विजय ने बताया कि समारोह में सुपरस्पेशियलिटी कोर्स डीएम के 48, एमसीएच के 52, पीएचडी के 28, यूजी कोर्सेज में गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले 10 तथा पीजी कोर्स में चांसलर्स गोल्ड मेडल के लिए चयनित 1 अभ्यर्थी सहित कुल 139 अभ्यर्थियों को उपाधियां और मेडल दिए जाएंगे। समारोह में विश्वविद्यालय के छह संकायों के डिप्लोमा, यूजी डिग्री, पीजी डिग्री, पीजी डिप्लोमा, सुपरस्पेशिलिटी कोर्सेज एवं पीएचडी पाठ्यक्रम के कुल 15146 अभ्यर्थियों को उनकी संबंधित उपाधियों की दीक्षा प्रदान की जाएगी। पीएचडी की 2 तथा डीएससी की 2 मानद उपाधियां भी प्रदान की जानी प्रस्तावित है। प्रेस और मीडिया समिति के डॉ. हरीश भारद्वाज ने बताया कि मुख्य अतिथि पद्म भूषण डीआर मेहता, फाउंडर एवं चीफ पैट्रॉन, भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति रहेंगे। डॉ. ऐके दास, प्रोफेसर एमेरिटस, मेडिसिन विभाग, महात्मा गांधी मेडिकल कॉलेज एण्ड रिसर्च इन्स्टीट्यूट, पुदुचेरी इस समारोह के की-नोट स्पीकर रहेंगे। सुभ्रा सिंह, अतिरिक्त मुख्य सचिव, चिकित्सा शिक्षा विभाग भी दीक्षांत समारोह में उपस्थित रहेंगी।

## 'महिलाएं किसी से कम नहीं'



**बेधड़क. जयपुर।** महिला दिवस पर नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एम्प्लॉइज यूनियन की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान नाटिका, परिचर्चा, कैटवाक सहित नृत्य और गीत के अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। यूनियन के महामंत्री मुकेश माथुर ने कहा कि रेलवे में ट्रैक मेंटेनर के पद से लेकर अध्यक्ष रेलवे बोर्ड तक लगभग सभी केटेगरी के पदों पर महिलाएं बखूबी काम कर रही हैं। साहित्यकार टीना शर्मा ने कहा कि महिलाएं किसी से कम नहीं हैं, बल्कि हर क्षेत्र में अग्रणी हैं। उन्होंने कहा कि अधिकांश महिलाएं अपनी बात रखने में संकोच करती हैं। कमल अरोड़ा ने बताया कि इस दौरान एस अहलावत, गोपाल मीना, प्रतीक्षा माथुर, माधुरी शर्मा समेत अन्य मौजूद रहे।

# City इवेंट्स

### विंटेज जीपें निकली अवेयर करने



**बेधड़क, जयपुर।** रामगढ़ झील के जीर्णोद्धार के लिए अवेयरनेस ड्राइव का आयोजन किया गया। राजपूताना जीप क्लब की ओर से 20 से अधिक विंटेज जीपें जयपुर से रवाना हुईं। उप-मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कहा कि रामगढ़ बांध को पुनर्जीवित करने का प्रयास सराहनीय है और जयपुर में भविष्य की पानी की जरूरत के लिए महत्वपूर्ण है। दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग की तरह जयपुर जीरो-वॉटर सिटी ना बने, इसके लिए प्रयास करने होंगे। इस धरोहर को बचाने की हम सभी की जिम्मेदारी है।

### 400 यूनिट रक्त हुआ एकत्र



**बेधड़क, जयपुर।** फ्रेंडली एसोसिएशन संस्था में रक्तदान शिविर का आयोजन विठट्ल नामदेव की ओर से श्रीसीताराम मंदिर ट्रस्ट सांगानेर में आयोजित किया गया। 400 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। अध्यक्ष सुरेश टांक ने बताया कि वर्षों से संस्था रक्तदान के लिए जागरूक कर रही है। रक्तदान के बाद सभी को हेलमेट और सेटिफिकेट दिए गए। आयोजन में समाज सेवी विजय टोलंबिया, राजेंद्र टांक, घनश्याम गोठवाल और विष्णु टांक ने सेटिफिकेट दिए। डॉक्टर्स की टीम ने स्वास्थ जांच शिविर का भी आयोजन किया, जिसमें जांचे की गईं।

### जरूरतमंदों के लिए किया रक्तदान



**बेधड़क, जयपुर।** मनीष पंडित नवोन्मेष मेमोरियल फ्रेंड्स क्लब के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन गणगौरी अस्पताल में किया गया। शिविर में रक्त एकत्रित कर ट्रोमा अस्पताल एसएमएस को दिया गया। शिविर में डॉ. बीएस मीणा, एचओडी एसएमएस ब्लड बैंक, डॉ. अरविन्द गुप्ता, डॉ. दिव्या, बजरंग अग्रवाल आदि ने सहयोग किया। शिविर में रक्तदाताओं को हेलमेट, प्रमाण पत्र व उपहार देकर सम्मानित किया गया।

### रंगीलो फागोत्सव का आयोजन

## 21 महिलाओं का सम्मान 11 को सरप्राइज गिफ्ट




**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश सभा जांगिड़ महासभा के विद्याधर नगर स्थित भवन में 'रंगीलो फागोत्सव' आयोजन किया गया। इसमें महिलाओं और बच्चियों का सम्मान किया गया। विश्वरूपा की संयोजिका नीलू शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में संगीत और नृत्य की अभिव्यक्तियों के साथ फागोत्सव और महिला दिवस का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर राघव म्यूजिकल ग्रुप के राजेंद्र कुमार एंड कंपनी ने ढप और चंग की मंडली के साथ बांसुरी वादन की प्रस्तुतियां कलाकारों ने दीं। कार्यक्रम में 21 विशिष्ठ महिलाओं को सम्मानित किया गया। फागोत्सव में 11 सरप्राइज गिफ्ट भी दिए गए। भाजपा महिला मोर्चा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूजा कपिल मिश्रा भी विशिष्ट अतिथि रहीं। मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री अरुण चतुर्वेदी थे। कार्यक्रम में प्रदेश जांगिड़ महासभा प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम पवार कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

### कालवाड़ रोड पर हाफ मैराथन

## सर्वाइकल कैंसर के लिए जयपुराइट्स ने लगाई दौड़



**बेधड़क** | जयपुर

जयपुराइट्स ने हेल्दी लाइफ स्टाइल के लिए अल सुबह कदम ताल करते हुए मैराथन में हिस्सा लिया और लोगों को मैसेज दिए। मौका था कालवाड़ रोड पर आयोजित हाफ मैराथन का। सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आयोजित इस मैराथन में 5 हजार से अधिक युवाओं ने दौड़ लगाई। 21 किमी. में लोकेश और पूजा कुमारी विजेता रहे तो 10 किमी. मेल कैटेगरी में खेताराम और फीमेल कैटेगरी में मीना कुमारी ने प्रथम पुरस्कार अपने नाम किया। 'रन फॉर हर' कैंपेन के तहत 3 किमी. की दौड़ में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। डॉ. मनोज कुमार ने 60 वर्ष की आयु के बावजूद दौड़ में भाग लिया और 21 किमी. की दौड़ फिनिश की। यूथ आइकन राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा, कि मैराथन में 14 साल और इससे भी कम उम्र के बच्चे भाग ले रहे हैं हमें इनसे प्रेरणा लेनी चाहिए।

**समारोह** राजस्थान उत्तराखंड सभा की ओर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम

# देशभर की 30 महिलाओं को मिला नारी शक्ति सम्मान

**बेधड़क** | जयपुर



राजस्थान उत्तराखंड सभा (रजि.) राजस्थान प्रदेश महिला प्रकोष्ठ की ओर से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार दोपहर 1:00 बजे से प्रतापनगर स्थित निर्मला ऑडिटोरियम में नारी शक्ति सम्मान समारोह 2024 का आयोजन किया गया।

सभा प्रदेश अध्यक्ष बीएस रावत ने बताया कि सभा ने देश, प्रदेश और जिले से करीब 30 महिलाओं को नारी शक्ति सम्मान सम्मानित किया है। ये ऐसी महिलाएं हैं जिन्होंने अपनी शक्ति का दम दिखाकर सामाजिक, सांस्कृतिक, बिजनेस और पारिवारिक संघर्षों का सामना करते हुए अपने वजूद का दम दिखा कर समाज को कल्याणकारी दिशा दी है। प्रदेश महिला अध्यक्ष बीना पंत ने बताया कि कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बगरू विधायक डॉ. कैलाश वर्मा, अंतराष्ट्रीय कुलाधिपति डॉ. एच सी गणेशिया, बसंतानंद महाराज, पूर्व अध्यक्ष राष्ट्रीय महिला आयोग, ममता शर्मा और निर्देशिका रावत ग्रुप ऑफ एजुकेशन निर्मला रावत रही।

### इन महिलाओं को मिला अवॉर्ड

कार्यक्रम कोर्डिनेटर आनन्द पांडे ने बताया कि सम्मानित होने वाली महिलाओं में शशि पवार, मोनिशा सिन्हा पाठक, अनीता (बिष्ट) प्रधान, शालनी बिष्ट, कल्पना रावत, नीमा भंडारी, डॉ. नीरा सिंह, मीना भंडारी, पूजा पडियार, शिखा पंत, रश्मि डोभाल शर्मा, रजनी जगवान, ललिता थपलियाल, डॉ. सुमन बिष्ट, सुनीता शर्मा, संजू कुकरेती, बसंती भगत, डॉ. अमिता अधिकारी, आशा रावत, विमला शर्मा, रिचा शर्मा, मोती बिष्ट, गीता भट्ट, शैलजा पंत, प्रमिला रावत, विधि सिंह, मंजू रावत और शालनी जोशी है।

### सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने लुभाया

प्रदेश महासचिव के अनुसार इस अवॉर्ड कार्यक्रम के दौरान बीच बीच में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिससे इस कार्यक्रम को और भव्य और उत्तराखंडी माहौल में ढाल दिया गया। सभी सांस्कृतिक कार्यक्रम सभा की सांस्कृतिक टीम ने तैयार किए। कार्यक्रम में अनेक सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियो और सदस्यों ने शामिल होकर अवॉर्डी महिलाओं का उत्साह बढ़ाया।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, सोमवार, 11 मार्च, 2024





सबसे विकट आत्मविश्वास मूर्खता का होता है।
विनायक शर्मा, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

### आईडीएफ सैनिकों ने इजराइली अधिकारी की हत्या का लिया बदला

# हवाई हमले में आतंकवादी को मार गिराया





एजेंसी | तेल अवीव (इजराइल)

इजराइली सेना ने उस आतंकवादी को हवाई हमले में मार गिराया है, जिसने गाजा में एक रिजर्व अधिकारी की हत्या की थी। रविवार सुबह इजराइल रक्षा बलों ने यह जानकारी दी है। आईडीएफ सैनिकों ने उस आतंकवादी पर हवाई हमले का निर्देश दिया जिसने मेजर (रेस.) अमीशर बेन डेविड की गाजा में हत्या कर दी थी। 43 वर्षीय बेन डेविड कमांडो ब्रिगेड प्रमुख की फॉरवर्ड कमांड टीम के प्रमुख थे। वह शुक्रवार को दक्षिणी गाजा में मारे गए थे।

बेन डेविड को रविवार दोपहर यरुशलम के माउंट हर्जल सैन्य कब्रिस्तान में दफनाया गया। इस बीच, मध्य गाजा में, इजराइली बलों ने पिछले दिन विमान और लड़ाकू जेट, स्नाइपर फायर और टैंक फायर के माध्यम से 13 आतंकवादियों को मार गिराया। एक हमले के दौरान एक हवाई ड्रोन ने सैनिकों के नजदीक एक इमारत के अंदर एक आतंकवादी दस्ते की पहचान की, जिसके नीचे एक भूमिगत सुरंग मार्ग स्थित था। थोड़ी देर बाद एक विमान ने इमारत और सुरंग पर हमला किया, जिसमें कई आतंकवादी मारे गए।

### मिसाइल अटैक से 12 मंजिल की इमारत क्षतिग्रस्त

हमास आतंकियों के साथ चल रही भीषण लड़ाई के बीच इजरायल ने दक्षिणी गाजा पट्टी के राफा में सबसे बड़े आवासीय टावरों में से एक पर हमला किया है। इस बिल्डिंग में 10 लाख से ज्यादा फिलिस्तीनियों ने शरण ले रखी थी। इस हमले के बाद एन्क्लेव के आखिरी क्षेत्र पर दबाव बढ़ गया तथा लोगों में भय व्याप्त हो गया। रिपोर्ट में कहा गया इजरायल ने शनिवार को जिस इलाके में हमला किया उस पर उसने अभी तक आक्रमण नहीं किया था। वह 10 लाख से अधिक विस्थापित फिलिस्तीनियों ने शरण ले रखी है। इस हमले में 12 मंजिल की इमारत क्षतिग्रस्त हो गई और निवासियों ने कहा कि कई परिवार बेघर गए। हालांकि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। इजरायली सेना ने आरोप लगाया कि इस ब्लॉक का इस्तेमाल हमास द्वारा इजरायलियों पर हमले की योजना बनाने के लिए किया जा रहा था।

### अब खुद करेगा समुद्री क्षेत्र की निगरानी

# भारत से तनाव के बीच मालदीव ने तुर्किये से खरीदे सैन्य ड्रोन

एजेंसी | माले



मालदीव सरकार ने अपने आर्थिक क्षेत्र में गश्त के लिए तुर्किये से ड्रोन खरीदे। सरकार अगले एक हफ्ते के भीतर ड्रोन का संचालन शुरू कर सकती है। हालांकि, ड्रोन की सटीक संख्या की जानकारी नहीं दी गई। देश के रक्षा मंत्रालय या विदेश मंत्रालय ने भी कोई पुष्टि नहीं की है। द्वीप राष्ट्र ने कुछ दिनों पहले चीन से गैर घातक हथियार हासिल करने के लिए रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।

चीन समर्थक माने जाने वाले राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने हाल ही में बीजिंग से लौट पर संकेत दिया था कि उनकी सरकार ड्रोन हासिल करना चाहती है। मालदीव ने अपने जल क्षेत्र में गश्त के लिए ड्रोन खरीदने के लिए तुर्किये की एक कंपनी के साथ समझौता किया। इसके बाद पहली बार सैन्य ड्रोन मालदीव लाए गए। ड्रोन को तीन मार्च को मालदीव पहुंचाया गया।

इस समझौते में शामिल एक वरिष्ठ अधिकारी के हवाले से कहा कि ड्रोन अभी नूनू माफारू अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हैं। नवंबर में राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने के बाद मुइज्जू ने सबसे पहले तुर्किये का दौरा किया था। हालांकि, अधिकारी ने कहा कि समझौते के तहत तुर्किये से कितनी संख्या में ड्रोन खरीदे गए, इसकी संख्या स्पष्ट नहीं है। सरकार अगले हफ्ते के भीतर ड्रोन का संचालन शुरू करने के लिए काम कर रही है।

सरकार की ओर से ड्रोन के संबंध में कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की गई है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ड्रोन को लेकर सवाल किया गया था, लेकिन रक्षा मंत्रालय के अधिकारी ने सीधे जवाब देने से इनकार कर दिया और कहा कि क्षमताओं को मजबूत करने के लिए काम जारी है।

### भारत-तुर्किये के बीच कई मामलों में मतभेद

भारत और तुर्किये में कई मामलों को लेकर मतभेद है। कश्मीर के मुद्दे पर तुर्किये पाकिस्तान का साथ देता आया है। वहीं मालदीव और तुर्किये के बीच 1979 में द्विपक्षीय रिश्तों की शुरुआत हुई थी। दोनों देश UN और OIC जैसे संगठनों में एक-दूसरे के सहयोगी हैं। उधर,चुनाव जीतते ही राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू सबसे पहले तुर्किये के दौरे पर गए थे,जबकि इससे पहले तक मालदीव के नए राष्ट्रपति सबसे पहले भारत का दौरा करते थे। मुइज्जू के तुर्किये के दौरे को उस वक्त उनकी भारत विरोधी विचारधारा से जोड़कर देखा जा रहा था।

### अपने अपार्टमेंट में पाई गईं मृत, पिता ने की मौत की पुष्टि

# नहीं रही एडल्ट स्टार सोफिया लियोनी

एजेंसी | वॉशिंगटन



जानी-मानी एडल्ट स्टार सोफिया लियोनी अब हमारे बीच नहीं रही है। सोफिया का 26 की उम्र में निधन हो गया है। एडल्ट स्टार अपने अपार्टमेंट में मृत पाई गईं।

सोफिया के सौतेले पिता माइक रोमेरो ने उनकी मौत की पुष्टि की है। पिता ने कहा, उसकी मां और परिवार की ओर से भारी मन से मुझे हमारी प्यारी सोफिया के निधन की खबर साझा करनी पड़ रही है। सोफिया की अचानक मौत ने उनके परिवार और दोस्तों को अंदर से झकझोर दिया है।

1 मार्च को सोफिया अपने अपार्टमेंट में बेहोश मिली थीं। मौत के कारणों की स्थानीय पुलिस जांच कर रही है। उसे घूमने का शौक था और वह हमेशा अपने आस-पास के सभी लोगों को खुश रखने के तरीके ढूंढती थी। सोफिया का जन्म 1997 में अमेरिका के मियामी में हुआ था। रिपोर्ट्स के अनुसार, उन्होंने 18 साल की उम्र में एडल्ट इंडस्ट्री में कदम रखा था। बताया जाता है कि उनकी कुल संपत्ति 10 लाख डॉलर है। इंस्टाग्राम पर उनके लगभग 3 लाख फॉलोअर्स हैं।




### राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने दो मंत्रियों को दिलाई पद और गोपनीयता की शपथ



# 'प्रचंड' कैबिनेट का विस्तार


एजेंसी | काठमांडू

नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने दूसरी बार कैबिनेट का विस्तार किया है। प्रचंड ने नेपाली कांग्रेस को छोड़कर सीपीएन-यूएमएल के साथ नया गठबंधन बनाने के कुछ दिनों बाद रविवार को कैबिनेट विस्तार किया, जिसमें दो नए मंत्रियों को शामिल किया गया। गौरतलब है कि पीएम प्रचंड ने मंत्रिमंडल का दूसरी बार विस्तार किया है। प्रचंड ने वरिष्ठ मधेसी नेता और जेएसपी के अध्यक्ष उपेंद्र यादव को जनसंख्या और स्वास्थ्य मंत्री और जेएसपी के कोशोर शाह को वन मंत्री के तौर पर कैबिनेट में जगह दी है। राष्ट्रपति रामचन्द्र पौडेल की मौजूदगी में दोनों मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

### रूस और चीन की योजना

# चांद पर बनाएंगे न्यूक्लियर रिएक्टर प्लांट

एजेंसी | मॉस्को



रूसी स्पेस एजेंसी रोस्कोस्मोस ने 2030 के दशक में चंद्रमा पर एक ऑटोमैकिट परमाणु रिएक्टर बनाने के लिए चीन के साथ काम करने के प्लान की घोषणा की है। ये रिएक्टर चंद्रमा बेस को बिजली देने में मदद करेगा, जिसे दोनों देश संयुक्त रूप से संचालित करेंगे। इस मिशन से अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा को तगड़ा झटका लगेगा। 2021 में रोस्कोसमोस और चीन राष्ट्रीय अंतरिक्ष प्रशासन (सीएनएसए) ने खुलासा किया कि उनका लक्ष्य चंद्रमा पर मिलकर एक बेस बनाने का है। इस बेस का नाम अंतरराष्ट्रीय चंद्र अनुसंधान स्टेशन (आईएलआरएस) होगा। उस समय चीन ने दावा किया था कि यह सभी इच्छुक देशों और अंतरराष्ट्रीय भागीदारों के लिए खुला है।

### बेस के लिए पैदा करेगा बिजली

रोस्कोस्मोस के महानिदेशक यूरी बोरिसोव ने कहा कि हम अपने चीनी सहयोगियों के साथ मिलकर चंद्रमा की सतह पर 2033-2035 तक एक बिजली यूनिट स्थापित करने की योजना पर विचार कर रहे हैं। बोरिसोव ने कहा कि यह चुनौतीपूर्ण कार्य संभवतः मनुष्यों की उपस्थिति के बिना ऑटोमैटिक तरीके से किया जाएगा। इससे जुड़े आवश्यक टेक्नोलॉजिकल सॉल्यूशन लगभग तैयार हैं। रिपोर्ट के मुताबिक रोस्कोस्मोस इस बेस को बनाने के लिए चंद्रमा पर माल ट्रांसपोर्ट करने के लिए बड़े पैमाने पर परमाणु संचालित रॉकेटों के इस्तेमाल पर विचार कर रहा है।

### चीन-रूस ने नहीं पहुंचाए इंसान

हालांकि रूसी अंतरिक्ष एजेंसी के सामने सबसे बड़ी चुनौती है कि उन्हें यह नहीं पता इसे कैसे बनाया जाए। वैज्ञानिक मानते हैं कि परमाणु रिएक्टर चंद्रमा के बेस के लिए जरूरी होगा, क्योंकि सौर पैनल के लिए पर्याप्त ऊर्जा बनाने और उनका संग्रह करना संभव नहीं होगा। रोस्कोस्मोस और सीएनएसए में से किसी ने भी मनुष्यों को चंद्रमा की सतह पर भी नहीं भेजा है। इसके अलावा रूस चंद्रमा के मिशन में पिछले साल फेल भी हो चुका है। हालांकि चीन 2013 से ही अपने लैंडर और रोवर सतह पर पहुंचा चुका है।

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार

सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl